
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 338 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शनिवार 13 जून 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की अमित शाह ने की समीक्षा, अभेद्य सुरक्षा ग्रिड बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव, थलसेना प्रमुख, आसूचना ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर




प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस वर्ष श्री अमरनाथ जी यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक आयोजित होगी। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ यात्रा के लिए एकीकृत और अभेद्य सुरक्षा कवच तैयार करने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने कहा कि यात्रा मार्ग पर जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से मल्टी-लेयर्ड सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम और अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर भी जोर दिया।

अमित शाह ने निर्देश दिया कि यात्रा के दौरान विभिन्न सीएपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे बढ़ाने की व्यवस्था की जाए।

## राज्यसभा नामांकन रद्द होने के खिलाफ मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोलीं- पहले वोट चोरी होती थी, इस बार सीट चोरी हुई




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सीधे रिट याचिका नहीं सुनी जा सकती। अगर उन्हें फैसले पर आपत्ति है तो वे चुनाव याचिका दायर करें। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एएस चंदूरकर की बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव प्रक्रिया में अदालतों के हस्तक्षेप को सीमित करता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में रिट पिटीशन पर सुनवाई नहीं कर सकता।

चुनाव से जुड़े ऐसे विवादों का समाधान चुनाव याचिका के जरिए किया जाना चाहिए। मीनाक्षी नटराजन चाहें तो चुनाव याचिका दाखिल कर इस फैसले को चुनौती दे सकती हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश की तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को मीनाक्षी का नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया। इसके खिलाफ कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। याचिका खारिज होने पर मीनाक्षी ने कहा कि पहले वोट चोरी होती थी, इस बार सीट चोरी हुई। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मीनाक्षी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था।

## रोजाना 500 करोड़ की चपत से जूझ रहीं तेल कंपनियां

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को रिटेल आउटलेट्स पर बल्क डीजल की बिक्री पर रोक लगा दी। इसकी वजह तेल कंपनियों को राहत देना था, जो कि वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के चलते प्रतिदिन 500 करोड़ रुपए की अंडर रिकवरी (बिक्री और लागत में अंतर) का सामना कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि 'मोटर स्पिरिट और हाई-स्पीड डीजल आदेश, 2026' के तहत ऐसे अस्थायी उपाय लागू किए गए हैं जो शुरू में 90 दिनों तक लागू रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य रिटेल ग्राहकों के लिए बिना रुकावट डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना और सब्सिडी वाले रिटेल ईंधन की आपूर्ति को बल्क यूजर्स की ओर जाने से रोकना है।

## पीएम मोदी फ्रांस की यात्रा पर जाएंगे जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

- 16 जून को रहेंगे स्लोवाकिया

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 14 जून और 16 से 18 जून 2026 तक (एवियन और पेरिस) को फ्रांस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। साथ ही 14-16 जून 2026 को स्लोवाकिया की भी यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यात्रा के पहले चरण में, प्रधानमंत्री मोदी 14 जून को नीस में राष्ट्रपति मैक्रॉन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों नेता भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे, जिन्हें इस वर्ष की शुरुआत में एक विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया था। नीस में, दोनों नेता संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन भी करेंगे,



जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के शीर्ष नवाचार स्टार्टअप और वेंचर कैपिटल फंड एक साथ आएंगे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, स्लोवाकिया गणराज्य के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिक्को के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री मोदी 14 से 16 जून 2026 तक स्लोवाकिया गणराज्य की राजकीय यात्रा करेंगे। 1993 में स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अप्रैल 2025 में स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा और फरवरी 2026 में एआई इम्पैक्ट समिट के लिए स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी की भारत यात्रा के बाद हो रही है। पीएम मोदी, प्रधानमंत्री फिको से बातचीत करेंगे और सहयोग के नए रास्ते तलाशेंगे।

## 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल, फ्री किताबें-यूनिफॉर्म दिए जाएंगे

- ड्रॉपआउट बच्चों को वापस लाने स्पेशल प्लान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल 16 जून से ही खुलेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 16 जून 2026 से पढ़ाई शुरू होगी।



आदेश के मुताबिक, प्रदेश में 20 अप्रैल से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था। छुट्टियां खत्म होने के बाद नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 का नियमित संचालन 16 जून से शुरू किया जाएगा। इससे पहले गर्मी के कारण स्कूल खुलने में देरी की अटकलें लगाई जा रही थी। स्कूल खुलने के साथ ही एडमिशन फेस्ट होगा। तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया जाएगा। नए बच्चों के एडमिशन के लिए गांवों-शहरों में मुनादी की जाएगी। पात्र विद्यार्थियों को फ्री किताबें, यूनिफॉर्म और साइकिल बांटी जाएगी। साथ ही ड्रॉपआउट बच्चों को वापस लाने स्पेशल प्लान तैयार किया गया है। बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स का सम्मान किया जाएगा। वहीं प्राइवेट स्कूलों को तय शेड्यूल के अनुसार फ्री किताबें दी जाएगी।

## जो संसार से थक जाते हैं, वे तप से कभी नहीं थकते: क्षुल्लक श्री ध्यानसागर जी महाराज

- अंतरंग के दोषों व मोह को जीतना ही सच्चा जैन मार्ग है- रायपुर में मंगल प्रवचन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के चन्द्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर में विराजमान पूज्य क्षुल्लक श्री ध्यानसागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में श्रावकों को जैन धर्म के वास्तविक मर्म से परिचित कराया। महाराजश्री ने कहा कि मनुष्य के संस्कार कई जन्मों की यात्रा का परिणाम हैं। केवल पूजा, मंदिर आने या आहार दान देने मात्र तक ही धर्म सीमित नहीं है। सच्चा जिन मार्ग अपने अंतरंग के दोषों, विकारों और काम-क्रोध जैसे शत्रुओं को जीतने का मार्ग है। आदि शंकराचार्य ने भी विवेक चूड़ामणि में मोह को महामृत्यु स्वरूप मानकर उसे नष्ट करने की बात कही है।



महाराजश्री ने देवागम स्तोत्र और भक्तामर स्तोत्र के गहरे अर्थ समझाते हुए कहा कि जिनेंद्र भगवान अपने बाह्य वैभव या अतिशयों के कारण महान नहीं हैं, बल्कि वे अपने समस्त दोषों और आवरणों से रहित हो चुके हैं, इसलिए महान हैं। उन्होंने कहा कि चंवर की ऊपर-नीचे होने वाली गति (नमन मुद्रा) हमें संदेश देती है कि जो भगवान के चरणों में झुकना सीख जाता है, वह शुद्ध भावों को प्राप्त कर नियम से ऊर्ध्वगामी (मोक्षगामी) होता है।

### प्रवचन के मुख्य अंश:

**भोजन काल का मौन-** भोजन के समय गप्पें मारना ज्ञान का अनादर है। मौनं भोजनकाले ज्ञान की विनय है, जहाँ मौन का अर्थ केवल चुप रहना नहीं, बल्कि बोलने की इच्छा का ही त्याग होना है।

**अभिषेक और प्रक्षाल का अंतर-** प्रतिमा का कभी प्रक्षाल (धोना) नहीं होता, प्रतिमा का अभिषेक होता है। शास्त्रों में केवल तीन चीजों का प्रक्षालन बताया गया है—अभिषेक पीठ, गुरुओं के चरण और हमारे अपने पापों का प्रक्षालन।

**तप की महिमा-** महाराज श्री ने 12,000 उपवास करने वाले एक महान आचार्य का संदर्भ देते हुए कहा कि हमने भूतकाल में अज्ञानवश कितने पाप (हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह) किए हैं, हम नहीं जानते; परंतु जिनेंद्र भगवान ने कहा है कि ये समस्त पाप केवल तप से ही नष्ट होते हैं (तपसा निर्जरा च)। इसलिए जो जीव संसार के भटकाव से थक जाते हैं, वे तप से कभी नहीं थकते।

मुनि श्री ने अंत में सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि बाह्य शारीरिक स्नान तो प्रतिदिन होता है, परंतु आत्मा का अंतः स्नान कब होगा, इस पर आत्म-चिंतन करना बेहद जरूरी है।

■ ब्रह्मचारी सौरभ भैया

## एक ग्राहक को 200 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कमी न होने पाए इसके लिए बहुत ही सख्त और बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सामान्य पेट्रोल पंपों से इंडस्ट्रियल और कमर्शियल उपभोक्ताओं को पेट्रोल-डीजल खरीदने पर रोक लगा दी है।आम ग्राहक एक दिन में अधिकतम 200 लीटर ही डीजल खरीद पाएंगे। इस डीजल को दोबारा बेचने पर पूरी तरह रोक रहेगी। इसके अलावा अब फैक्ट्रियों और कॉमर्शियल यूजर्स को रिटेल आउटलेट से ईंधन नहीं मिलेगा। केंद्र सरकार ने 11 जून 2026 को इसे लेकर आदेश जारी किया है। अब इन बड़े उपभोक्ताओं को केवल बल्क सेल पॉइंट्स से ही ईंधन खरीदना होगा। रॉयटर्स के मुताबिक सरकार ने फिलहाल यह प्रतिबंध 90 दिनों के लिए लागू किया है।

## छत्तीसगढ़ में मोहर्रम-उर्स में डीजे, बैंड और आतिशबाजी पर रोक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में मोहर्रम-उर्स में डीजे, बैंड-बाजा और आतिशबाजी पर रोक लगा दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार तक का जुर्माना लगेगा। राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने ये निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने प्रदेश की सभी ताजिया कमेटियों, दरगाह कमेटियों, उर्स कमेटियों, मुतवल्लियान और इंतेजामिया कमेटियों से कहा है कि, सभी धार्मिक कार्यक्रम केवल कुरान, हदीस और शरीयत के मुताबिक ही आयोजित किए जाए। बोर्ड ने आगे कहा कि मोहर्रम, उर्स और अन्य धार्मिक आयोजनों में ढ्ढ्ढ, धुमाल, बैंड-बाजा, नाच-गाना, आतिशबाजी




और अन्य गैर-शरीयत गतिविधियों की किसी भी स्थिति में अनुमति नहीं होगी। धार्मिक आयोजनों की गरिमा और पवित्रता बनाए रखना सभी संबंधित समितियों की जिम्मेदारी है।

## टीएमसी में प्रभुत्व की लड़ाई, लोकसभा स्पीकर से मिलेंगे ममता के बागी सांसद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्ता गंवाने के बाद से ममता बनर्जी की राजनीति हाशिये पर पहुंच गयी है। एक समय अपनी हुंकार से दिल्ली के तख्त को चुनौती देने वाले ममता बनर्जी इस वक्त अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहीं हैं। खून पसीने से सींचकर 28 साल पहले बनाई गई उनकी पार्टी अब ताश के पत्तों की तरह बिखरती जा रही है। ममता किसी तरह अपनी पार्टी को बचाने की लड़ाई लड़ रहीं हैं। इस बीच अब खबर है कि ममता बनर्जी के बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिलकर पार्टी के 'असली टीएमसी' संसदीय समूह के तौर



पर मान्यता की मांग पाने की तैयारी शुरू कर दी है। बागी सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर से मिलने की बात कही है और बागी सांसदों के समूह को असली टीएमसी होने का दावा किया है। बागी सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने पीटीआई वीडियो को बताया, 'हमने लोकसभा स्पीकर को पत्र सौंप दिया है।

## राजस्व संग्रहण में रायपुर नगर निगम का नया कीर्तिमान एक ही दिन में 1.13 करोड़ रुपये की वसूली

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर के राजस्व विभाग ने वित्तीय सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए आज एक ही दिन में अब तक 1 करोड़ 13 लाख 41हजार 532 रुपये की रिकॉर्ड राजस्व वसूली की है।

नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा द्वारा प्रतिदिन 1 करोड़ रुपये राजस्व संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे आज नगर निगम के राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरी प्रतिबद्धता एवं टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक प्राप्त किया।

आज नगर निगम के सभी जोनों में विशेष राजस्व अभियान चलाकर 515 संपत्तिकर धारकों से उक्त राशि की वसूली की गई। यह उपलब्धि न केवल रायपुर नगर निगम की वित्तीय स्थिति को



और अधिक मजबूत करेगी, बल्कि रायपुर शहर में विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को भी नई गति प्रदान करेगी। राजस्व संग्रहण के आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि रायपुर नगर निगम का अभियान लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है।

वर्ष 2025 में जून माह के प्रथम 11 दिनों में जहां 44 लाख 17 हजार 342 रुपये की वसूली हुई थी, वहीं वर्ष 2026 में इसी अवधि में 62 लाख 49 हजार 628 रुपये का राजस्व संग्रह किया गया है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में जून माह के पहले 11 दिनों में ही 18 लाख रुपये से अधिक की अतिरिक्त वसूली दर्ज की गई है, जो निगम की प्रभावी राजस्व रणनीति का प्रमाण है।

इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा का नियमित मार्गदर्शन, सतत मॉनिटरिंग, स्पष्ट निर्देश एवं परिणामोन्मुखी कार्यशैली प्रमुख आधार रही। आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा राजस्व विभाग के कार्यों की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा लक्ष्य आधारित कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## यात्रियों की सुरक्षा के लिए भारतीय रेल का बड़ा कदम, स्टेशनों पर होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेल देशभर में फायर सेफ्टी ऑडिट कराएगी। इसके तहत स्टेशनों पर मौजूद अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की जाएगी और जहां भी सुधार की जरूरत होगी, वहां जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि यात्रियों और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाया जा सके। इस ऑडिट के तहत स्टेशन भवनों, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम, पानी की उपलब्धता, पंपिंग और स्प्रिंकलर सिस्टम समेत सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेलवे स्टेशन आग जैसी किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से



निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हों। ऑडिट के दौरान यह भी जांच की जाएगी कि स्टेशनों पर लागू सभी फायर सेफ्टी और सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। जहां भी कोई कमी पाई जाएगी, वहां सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएंगे। स्टेशनों की जांच के लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें बनाई जाएंगी। आवश्यकता होने पर विशेषज्ञ एजेंसियों और राज्य फायर विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। जहां सुधार की जरूरत होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। भारतीय रेल लगातार रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है।

## भारतीय सेना में 'जोरावर' टैंक की एंट्री



**नई दिल्ली।** भारत और चीन सीमा पर दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए तैयार हो रहा भारत का पहला स्वदेशी लाइट टैंक 'जोरावर' अब कुछ देरी से सेना में शामिल हो सकता है।

भारतीय सेना ने इस टैंक की सुरक्षा को और अभेद्य बनाने के लिए इसमें अतिरिक्त सुरक्षा कवच लगाने की मांग की है। इस नए बदलाव की वजह से जो टैंक साल 2027 तक सेना में आने वाला था, अब उसके लिए 2028 या 2029 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय सेना चाहती है कि जोरावर टैंक को 'स्टैनैग लेवल 4' से भी ज्यादा मजबूत सुरक्षा मिले। स्टैनैग नाटो द्वारा तय किया गया एक अंतरराष्ट्रीय पैमाना है, जो बताता है कि कोई टैंक दुश्मनों के हमलों को कितना झेल सकता है। इतना ही नहीं यह भारी मशीन गन की गोलियों और 10 किलो टीएनटी के बारूदी सुरंग धमाकों को आसानी से झेल सकता है।

भारतीय सेना इसे और मजबूत बनाना चाहती है, ताकि यह दुश्मनों के 25 एमएम से 30 एमएम के तोप के गोलों और 155एमएम आर्टिलरी (तोपखाने) के हमलों के बावजूद सुरक्षित रहे। बता दें कि टैंक की सुरक्षा बढ़ाने के लिए उसमें भारी आर्मर (लोहे/कवच की परतें) जोड़नी होंगी, जिससे टैंक का वजन बढ़ेगा।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर, शनिवार 13 जून 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर 18 से 20 जून तक

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त स्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राजस्व अनुविभाग स्तर पर 3 दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर 18 जून से से 20 जून 2026 तक चलेगा। बृहद पंजीकरण शिविर अंतर्गत आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

शिविर के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अनुविभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। बलौदाबाजार अनुभाग हेतु एसडीएम प्रकाशचंद्र कोरी, भाटापारा अनुभाग हेतु एसडीएम श्यामा पटेल, अनुभाग सिमगा हेतु एस डीएम अतुल शेट्टे, अनुभाग पलारी हेतु एसडीएम दीपक निकुंज, अनुभाग कसडोल एवं गिरौद हेतु एसडीएम आर. आर दुबे को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# राजस्व मंत्री ने साढ़े तीन करोड़ के विकास कार्यो की दी सौगात

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।।** राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज जिला प्रवास के दौरान नगर पालिका क्षेत्र बलौदाबाजार में लगभग साढ़े 3 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने वार्ड क्रमांक 16 में 56.86 लाख रुपए की लागत से 12 नग राहत शिविर निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 17 में 61.44 लाख की लागत से मुक्तिधाम उन्नयन कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में 60.25 लाख की लागत से 10 नग राहत शिविर निर्माण, अधिसंरचना एवं पर्यावरण निधि से स्वीकृत 1करोड़ 17 लाख रुपए के 10 कार्य एवं विभिन्न वार्डों - 40.72 लाख की लागत से पाइप लाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही दिव्यांगजन हेतु12.32 लाख रुपए की लागत





से बस स्टैंड के पास निर्मित रैन बसेरा का लोकार्पण किया।मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रही है। गांव हो या शहर विकास में कहीं कोई दिक्कत नहीं है. डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास के पथ पर दौड़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है. युवा, महिला, किसान, बुजुर्ग सभी के लिये योजनाएं लागू है जिसका फायदा लेकर लोग खुश हैं।डबरी मेड पर लगाया पौधा- राजस्व मंत्री ने भूमिपूजन के पश्चात् पास में स्थित डबरी के मेड पर आंवला का पेड़ लगाया एवं जनपद कार्यलय परिसर में नीम पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का सन्देश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# सीएम हेल्प लाइन से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण शुरू



## मेकरी के जय पटेल को मिला जन्म प्रमाण पत्र, छेरकापुर के किसान मोहित कुमार का सम्मान निधि हेतु सत्यापन पूरा

## सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मिल रही नई मजबूती

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर लोगों की समस्याओ का समयबद्ध निराकरण के साथ ही जनभागीदारी को सशक्त बनने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1076 शुरू की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण जिले में प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का सम्बंधित विभाग द्वारा समय पर निराकरण कर आवेदक को फ़ोन पर सूचित भी किया जा रहा है। इस हेल्पलाइन की मदद से जिले के ग्राम मेकरी निवासी धनेंद्र कुमार के बच्चे का सालभर से अटका जन्म प्रमाण पत्र महज कुछ ही समय में बनकर तैयार हो गया। इसीतरह विकासखण्ड पलारी के ग्राम छेरकापुर के किसान मोहित कुमार कन्नौजे का पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभ हेतु भौतिक सत्यापन कर सक्रिय कर दिया गया है। दोनों ही आवेदको को निराकरण की सूचना दी गई और आवेदक पूर्णतः संतुष्ट है।

धनेंद्र के बच्चे जय पटेल का जन्म 21 अप्रैल 2025 को उप स्वास्थ्य केंद्र केसला में हुआ था, जिसके बाद वे लगभग एक साल से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे थे। उन्होंने अपनी समस्या को सीएम हेल्पलाइन 1076 पर दर्ज कराया। शिकायत मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई की गई और विभाग ने तत्काल प्रक्रिया पूरी करते हुए नन्हे जय पटेल का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर उनके परिजनों को सौंप दिया।लंबे समय से लंबित इस कार्य के चुटकियों में हल हो जाने पर धनेंद्र पटेल और उनके परिवार ने गहरी राहत की सांस ली है। सरकार की इस त्वरित कार्यप्रणाली से अभिभूत होकर धनेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का सहृदय आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू की गई यह टोलफ्री नंबर सेवा वास्तव में आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे दफ्तरों के चक्कर काटे बिना घर बैठे ही समस्याओं का सीधा और त्वरित समाधान मिल रहा है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से लंबित मामलों के तेजी से निपटारे से नागरिकों का प्रशासन पर भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1076 पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे, सुझाव दे सकेंगे तथा शासन की योजनाओं और सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी साझा कर सकेंगे। सीएम हेल्पलाइन प्रणाली 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन संचालित है।

# भरसेली में उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार गुरूवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भरसेली के पंचायत भवन में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में ग्रामवासियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया।



जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है।उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत एवं गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच सेवा संविदा रातें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियों एवं बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, मिलावट, अधिक मूल्य वसूली वा सेवा में कमी की स्थिति में उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

ग्रामीणों को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। ई-जागृति एवं ई हियरिंग से उपभोक्ता पर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। उपभोक्ता शिविर में उपस्थित ग्राम वासियो के द्वारा उपभोक्ता कानूनों तथा ई-फाइलिंग व ई-हियरिंग से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।शिविर में रेस्क्यू पर्सन के रूप में अधिवक्ता अनिमेष त्रिवेदी ने उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर की सराहना करते हुए उपभोक्ता संरक्षण कानून का लाभ लेने की अपील की तथा सम्बंधित प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया।

जागरूकता शिविर में आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंग्ले, धीरज दुबे, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शारिक खान, सचिव गणेश शंकर साहू, छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के उपाध्यक्ष भास्कर प्रसाद साहू, सरपंच हेमकुमार वर्मा, सचिव वीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं पंच गण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 को, योगा फॉर एजिंग थीम पर मनाया जाएगा

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के.निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 21 जून को योगा फॉर एजिंग थीम पर मनाया जाएगा।इसके साथ ही 14 जून 2026 को प्रातः 6.15 बजे से 7.35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा जिसमें अधिकतम लोगों की सहभागिता के लिए पंजीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता बढ़ाये जाने हेतु प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय द्वारा 'योग संगम पोर्टल-2026' प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से विभिन्न संस्थाएं, विभाग, शैक्षणिक संस्थान, स्थानीय निकाय, स्वायत्तशासी संस्थाएं, सार्वजनिक उपक्रम, योग संस्थान एवं सामुदायिक संगठन दिनांक 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों के लिए पंजीयन एवं कार्यक्रम उपरांत विवरण एवं फोटोग्राफ अपलोड किया जाएगा।

# भावना बोहरा ने ली विकास कार्यो की समीक्षा बैठक

**पांडातराई (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने नगर पंचायत पांडातराई में चल रहे विकास कार्य, अधोसंरचना निर्माण एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भावना बोहरा ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने, बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने, प्रधानमंत्री आवास योजना, वर्तमान में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं तय समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने तथा उप तहसील कार्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यालय में उपस्थिति और कार्यों को प्राथमिकता के साथ तय समय पर पूरा करने निर्देश दिए। इसके साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड, भू स्वामित्व कार्ड, आयुष्मान कार्ड, भूमिहीन किसानों को आर्थिक लाभ, पेंशन भोगियों को तय समय पर पेंशन जैसे विभिन्न विषयों पर भी चर्चा कर सेवाओं को सुदृढ़ करने की बात कही। भावना बोहरा ने कहा




कि जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को दिलाना और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। पांडातराई की जनता से हमने जो वादा किया है और नगर की समृद्धि के लिए हमने जो संकल्प किये हैं उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आज समीक्षा बैठक में बहुत से महत्वपूर्ण विषयों और विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा के दौरान मैंने कई सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए हैं जिससे नगरवासियों की सुविधा सुनिश्चित होगी वहीं विकास कार्यों में तेजी से यहां की जनता को लाभ मिलेगा। हमारा उद्देश्य एवं लक्ष्य स्पष्ट है कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनता की आकांक्षाओं और क्षेत्र की प्रगति के लिए हम कार्य करें।

# गैस सिलेंडर की मारामारी से आम उपभोक्ता हो रहे परेशान

**रायपुर।** अमेरिका और ईरान के बीच हो रहे युद्ध के चलते यहां दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं महंगी हो गई है वहीं पेट्रोल डीजल की किल्लत भी प्रदेश के अन्य जिलों में आम उपभोक्ता झेल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सार्वजनिक बयान दे चुके हैं कि प्रदेश एवं देश में पेट्रोल डीजल एवं गैस की कोई कमी नहीं है। आम जनता अफवाहों के जाल में न फंसे जबकि जमीनी तौर पर स्थिति कुछ और है। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह द्वारा गैस एवं पेट्रोल डीलरों के बैठक में अनावश्यक रूप से उपभोक्ता को परेशान करने पर सख्त कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई थी इसके बाद भी शहर के गैस डीलर आम उपभोक्ता को केवाईसी एवं ओटीपी के नाम पर परेशान कर रहे हैं। शहर में गैस उपभोक्ता गैस सिलेंडर की रिफील की



कालाबाजारी से परेशान हो रहे हैं। 2000 रूपए देने पर भी गैस रिफील उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही है। गैस महिला उपभोक्ता दलदल सिवनी निवासी रेखा बंजारे एवं पुराना राजेन्द्रनगर निवासी भारती अग्रवाल ने कलेक्टर रायपुर एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गैस सिलेंडर रिफील की कालाबाजारी रोकने की मांग की है। गौरतलब है कि मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों धमतरी में पेट्रोल की कालाबाजारी किए जाने की सूचना मिली है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ0ग0)

Email:- npmandirhasaud@gmail.com

FILE NO::PROJ/932/2026-CMONP MANDIRHASOD GEN — मंदिर हसौद दिनांक 12.06.2026

**मैनुअल पद्धति निविदा आंमत्रण सूचना (तृतीय)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त होने की अंतिम तिथि 23.06.2026

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रमांक 04 में समय लाल बघेल के घर से जितेन्द्र बंजारे के घर तक आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 8.57 |
| 2 | वार्ड क्रमांक 04 में दुखित के घर से नहर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 8.23 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http:// uad.cg.gov.in से भी देखी जा सकती हैं।

सही/-
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद


# स्वामी आत्मानंद स्कूलों में छत्तीसगढ़ी में एमए पास विद्यार्थियों को नियुक्ति में दी जाए प्राथमिकताः रोहित साहू




**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वामी आत्मानंद स्कूलों में छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ी भाषा को प्राथमिकता देने के लिए जहां छग भाषा आयोग का गठन किया गया है। वहीं राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी अब तक छत्तीसगढ़ी में एमए पास विद्यार्थियों को शासकीय शालाओं में नियुक्ति में प्राथमिकता नहीं मिली है। ज्ञातव्य है कि पं. रविशंकर शुक्ल विवि में एमए छत्तीसगढ़ी का कोर्स चालू है एवं उसमें प्रति वर्ष अनेक विद्यार्थी अध्ययनरत है। इस संबंध में सीनियर एवं प्रथम बैच पास आउट छत्तीसगढ़ी एमए रोहित साहू ने चर्चा के दौरान स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति छग में पासआउट विद्यार्थियों को प्रथम प्राथमिकता देकर करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र साहू से की है।गौरतलब है कि इस संबंध में शिवघाट पुराना सरकंडा बिलासपुर निवासी पं. नंदकिशोर शुक्ल ने तो बकायदा छग को प्राथमिक स्कूलों में लागू करने के लिए छग बाना पहनकर अनेक वर्षों से सायकल चलाकर अभियान चलाया है। वे कई बार रायपुर प्रेस क्लब में भी आकर पत्रकारों के समक्ष छत्तीसगढ़ी को प्राथमिक स्कूलों में लागू करवाने की मांग को लेकर पत्रकारवार्ता वार्ता कर चुके है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 182 दिनांक 12.06.2026**
**वार्ड का नाम- स्वामी विवेकानंद वार्ड**
**वार्ड क्र. 06 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 06 मांग **पंजी क्र. 56 युआईडी 11485** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **चंदूराम सामारू साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **तिजकुमारी / धनसिंग साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-06-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 181 दिनांक 12.06.2026**
**वार्ड का नाम- स्वामी विवेकानंद वार्ड**
**वार्ड क्र. 06 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 06 मांग **पंजी क्र. 56 युआईडी 11485** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **चंदूराम सामारू साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **लक्ष्मी साहू / नोहर साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-06-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./32124/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026**
**रायपुर दिनांक : 12-06-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32124**
**वार्ड का नाम-35- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **35** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436K00182** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **IQBAL AHEMAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती नजमा बेगम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री इकबाल अहमद उर्फ़ मोहम्मद इकबाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमित पत्र, सत्यापन, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री कॉपी** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./32126/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026**
**रायपुर दिनांक : 12-06-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32126**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR225C00262** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJESH VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ALAKH RAM VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती रिंकी वर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री मुकेश वर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमति पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /32101/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026**
**रायपुर, दिनांक 12-06-2026**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32101**
**वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **69** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568G00210** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SAROJ VISHWAKARMA W/OR.K. VISHWAKARMA , RAJENDRA KUMAR VISHWAKARMA S/O LT. D.L VISHWAKARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT DURGA PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI GANGADHAR PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /32102/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026**
**रायपुर, दिनांक 12-06-2026**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32102**
**वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **69** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568G00107** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAXMI MEDICAL HALL DIR. VIKASH JADVAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KIMATROY JADHVANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUNIL KUMAR DIXIT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI RADHARAMAN KUMAR DIXIT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# छत्तीसगढ़ का प्रथम संभागीय पोर्टल लॉन्च

### सरगुजा संभाग की आधिकारिक वेबसाइट का सरगुजा सम्भागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने किया शुभारंभ



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** छत्तीसगढ़ में डिजिटल प्रशासन और नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सरगुजा सम्भागायुक्त श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा ने शुक्रवार को सरगुजा संभाग की आधिकारिक वेबसाइट स्त्रद्ब1द्बह्यद्बश्ठ-ह्यह्वह्म्द्दह्वद्भड्ड.ष्द्द.द्दश्1.द्बठ्ठ का विधिवत शुभारंभ किया। यह छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी संभाग की पहली आधिकारिक संभागीय वेबसाइट है। जो नागरिकों, पर्यटकों तथा विभिन्न हितधारकों को एकीकृत डिजिटल मंच उपलब्ध कराएगी।

वेबसाइट का डिजाइन, डेवलपमेंट एवं तकनीकी सहयोग राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सरगुजा द्वारा प्रदान किया गया है। पोर्टल का निर्माण केंद्र सरकार के सुरक्षित प्लेटफॉर्म SxWaaS (Secure,Scalable & Sugamya Website as a Service) पर किया गया है, जिससे इसकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और उपयोगिता सुनिश्चित होती है।

**अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैसः-** यह पोर्टल 'सिक्योर बाई डिजाइन' फ्रेमवर्क पर आधारित है तथा इसकी होस्टिंग एनआईसी के नेशनल डाटा सेंटर्स में की गई है। इससे वेबसाइट को ऑटोमेटेड पैच, आसान साइबर सुरक्षा, सुरक्षा ऑडिट जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

वेबसाइट को पूरी तरह रिस्पॉन्सिव बनाया गया है, जिससे यह मोबाइल, टैबलेट और कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के उपकरणों पर सहजता से संचालित होगी। वर्तमान में यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।

**नागरिकों और पर्यटकों को मिलेंगे अनेक लाभः-** इस पोर्टल के माध्यम से सरगुजा संभाग की प्रशासनिक संरचना, इतिहास, प्रोफाइल, अधिकारियों की संपर्क सूची तथा सभी जिलों की महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के प्रमुख पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और क्षेत्रीय महोत्सवों की विस्तृत जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

इसके अलावा नागरिक अब पोर्टल के माध्यम से सीधे बी1/पी11, नामांतरण, राजस्व न्यायालय आवेदन तथा डायवर्जन जैसी महत्वपूर्ण ऑनलाइन राजस्व सेवाओं तक पहुंच सकेंगे। पोर्टल पर कार्यालय के नोटिस, निविदाएं, अधिसूचनाएं, परिपत्र और अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं समय-समय पर प्रकाशित की जाएंगी। नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए वेबसाइट में फीडबैक फॉर्म, मीडिया कॉर्नर, फोटो गैलरी और वीडियो गैलरी जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं।

**संभागीय आयुक्त ने जताया आभारः-** शुभारंभ अवसर पर संभागीय आयुक्त श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा ने सरगुजा संभाग के सभी जिला कलेक्टरों तथा एनआईसी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों द्वारा सक्रिय डाटा साझाकरण तथा एनआईसी की टीम की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य का पहला संभागीय पोर्टल साकार हो सका है। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को और अधिक प्रभावी बनाएगी तथा डिजिटल सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

शुभारंभ अवसर में उपायुक्त श्री आर के खुंटे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्भाग के समस्त जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषक उन्नति योजना से मिली आर्थिक मजबूती, किसान रूपनारायण बने प्रेरणा स्रोत



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** छत्तीसगढ़ शासन की कृषक हितैषी योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसका उत्कृष्ट उदाहरण ग्राम जयनगर के किसान श्री रूपनारायण पिता श्री लोचन हैं, जिन्होंने कृषक उन्नति योजना एवं धान उपार्जन व्यवस्था का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है।

ग्राम जयनगर निवासी श्री रूपनारायण एक मेहनती एवं प्रगतिशील किसान हैं। उनके पास कुल 2.89 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने 2.55 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की। कृषि विभाग के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, उन्नत बीजों तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन को अपनाकर उन्होंने बेहतर उत्पादन प्राप्त किया।

धान उपार्जन के अंतर्गत श्री रूपनारायण ने कुल 100 क्विंटल धान का विक्रय किया। केंद्र शासन द्वारा निर्धारित ?2369 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान किए गए 731 प्रति क्विंटल बोनस का लाभ उन्हें प्राप्त हुआ। इस प्रकार उन्हें कुल ?3100 प्रति क्विंटल की दर से राशि मिली। धान विक्रय के एवज में उन्हें समर्थन मूल्य के रूप में ?2,36,900 तथा बोनस के रूप में ?73,100 प्राप्त हुए। इस प्रकार उन्हें कुल ?3,10,000 की राशि प्राप्त हुई। प्राप्त आय का उपयोग उन्होंने कृषि गतिविधियों को और सुदृढ़ करने तथा परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति में किया, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

श्री रूपनारायण का कहना है कि शासन की किसान हितैषी योजनाओं और कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन से खेती अब अधिक लाभकारी बन रही है। वे अन्य किसानों को भी आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस संबंध में कृषक रूपनारायण कहते है कि यदि किसान वैज्ञानिक खेती अपनाएं और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ लें, तो वे अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकते हैं।

# होंडा ने अपने 2026 प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और मजबूत किया



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज 2026 CB750 Hornet E-Clutch और XL750 Transalp E-Clutch को लॉन्च किया। कंपनी ने अपने 755cc प्लेटफॉर्म पर होंडा की E-Clutch तकनीक जोड़ते हुए भारत में अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इसके साथ ही, Gold Wing अब नए रंग विकल्प में उपलब्ध है, जबकि CBR1000RR-R Fireblade SP होंडा की फ्लैगशिप सुपरस्पोर्ट मोटरसाइकिल के रूप में जारी रहेगी, जो स्ट्रीट नैकेड, एडवेंचर टूरिंग, लग्ज़री टूरिंग और हाई-परफॉर्मेंस सेगमेंट में बिगविंग लाइन-अप को और मजबूत बनाती है। इस घोषणा पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष और CEO श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा: E-Clutch के लॉन्च के साथ, होंडा प्रीमियम मोटरसाइक्लिंग अनुभव को और बेहतर बना रहा है, जिससे आराम, उपयोग में सरलता और राइडिंग में आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तकनीक रोजमर्रा की शहरी यात्रा से लेकर लंबी दूरी की टूरिंग तक विभिन्न परिस्थितियों में ग्राहकों की मदद के लिए डिज़ाइन की गई है, और यह भारत में राइडर्स को उन्नत इंजीनियरिंग और बेहतर मूल्य प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## आईडीबीआई बैंक ने बैंकिंग इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए हैकथॉन ''आईडीबीआई इनोवेट 2026'' लॉन्च किया

आईडीबीआई बैंक का हैकथॉन, ''आईडीबीआई इनोवेशन 2026'' शुरू हो रहा है। इसका उद्देश्य बैंकिंग के परिवेश में इनोवेशन और डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक ने किया। यह अगली जनरेशन की टेक्नोलॉजी अपनाने के बैंक के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हैकथॉन की थीम, ''बिल्ड। इंटीग्रेट। ट्रांसफॉर्म।'' है। यह भारत के स्टार्टअप, फिनटेक, डेवलपर और इनोवेटर्स से आवेदन आमंत्रित करता है। यह अभियान क्रिएटिव और टेक्नोलॉजिकल टेलेंट की मदद से बैंकिंग उद्योग की चुनौतियों को हल करने की कोशिश करता है। इस अवसर पर श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक ने कहा, ''आईडीबीआई इनोवेट 2026 का उद्देश्य प्रतिभाशाली लोगों और इनोवेटिव आईडियाज़ को साथ लाकर ऐसे डायनामिक सॉल्यूशन देना है, जो बैंकिंग सेक्टर की चुनौतियों को हल कर सकें। यह हैकथॉन डिजिटल एक्सीलेंस और ग्राहक केंद्रित इनोवेशन की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।''

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्रकृति की बेहतरीन कृतियों से प्रेरित प्राकृतिक हीरों का नया कलेक्शन 'नुवा' किया लॉन्च

**मुंबईः** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्राकृतिक हीरों से सजे अपने नए एक्सक्लूसिव ज्वेलरी कलेक्शन 'नुवा' का लॉन्च किया 7 प्रकृति में निहित अद्भुत पैटर्न्स, विशिष्ट टेक्सचर्स और सूक्ष्म बारीकियों से प्रेरित यह कलेक्शन आधुनिक लग्जरी को एक नए दृष्टिकोण से परिभाषित करता है। 'नुवा' प्रकृति की उन अनमोल कलाकृतियों का उत्सव है, जो अपनी खूबसूरती के बावजूद अक्सर हमारी नजरों से अनदेखी रह जाती हैं। इस कलेक्शन की प्रत्येक डिजाइन में प्रकृति की सहज कलात्मकता और उत्कृष्ट शिल्पकला का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इसकी प्रेरणा आकर्षक स्ट्राइप्स, हनीकॉम्ब पैटर्न्स, प्रवाहमयी आकृतियों तथा धरती द्वारा रचे गए ऑर्गेनिक फॉर्मेशन्स और प्राकृतिक बनावटों से ली गई है। प्राकृतिक सौंदर्य और समकालीन डिज़ाइन का यह शानदार मेल 'नुवा' को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है, जो आधुनिक महिलाओं के लिए परिष्कृत लग्जरी और कालातीत आकर्षण का प्रतीक है। 18 कैरेट और 14 कैरेट सोने में तैयार किए गए इस कलेक्शन में ग्लोबल सोफिस्टिकेशन की झलक दिखाई देती है। नुवा कलेक्शन में प्राकृतिक हीरों को रंगीन रत्नों, सिरेमिक कलर इनैमलिंग और मल्टी-टोन रोडियम फिनिश के साथ और अधिक आकर्षक बनाया गया है। यह संग्रह मजबूती और कोमलता के संतुलन को दर्शाता है, जिससे आभूषण परिष्कृत, बहुउपयोगी और विभिन्न अवसरों के अनुरूप बनते हैं। प्रत्येक डिजाइन में प्रकृति के विविध पैटर्नों को बारीक कारीगरी, प्रवाहमयी आकृतियों और आधुनिक सौंदर्यशास्त्र के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का नवीनतम नुवा कलेक्शन प्राकृतिक हीरों के माध्यम से आधुनिक लक्ज़री का उत्सव मनाता है और प्रकृति की श्रेष्ठ कृतियों तथा वैश्विक डिज़ाइन प्रभावों से प्रेरणा ग्रहण करता है।

इस कलेक्शन के प्रचार अभियान में प्रसिद्ध अभिनेत्री करीना कपूर खान को एक बार फिर नुवा का चेहरा बनाया गया है। अपनी सहज शालीनता, आत्मविश्वास और कालातीत आकर्षण के लिए जानी जाने वाली करीना कपूर खान इस कलेक्शन की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति, आधुनिक नारीत्व और सदाबहार परिष्कार की भावना का सटीक प्रतिनिधित्व करती हैं।

टीवीसी लिंक- लॉन्च के अवसर पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, इस कलेक्शन के केंद्र में पैटर्न की सुंदरता के प्रति सम्मान है—वे जटिल बनावटें, संरचनाएँ और विवरण जो चुपचाप हमारे आसपास की दुनिया को आकार देते हैं। नुवा के माध्यम से हमारा उद्देश्य इस प्राकृतिक सौंदर्य को एक समकालीन डायमंड कलेक्शन में बदलना था, जो परिष्कृत, बहुउपयोगी और आज की महिला के लिए प्रासंगिक हो। संग्रह का प्रत्येक आभूषण उत्कृष्ट कारीगरी और सहज आकर्षण के बीच संतुलन को दर्शाता है, जिससे इसे विभिन्न अवसरों और पीढ़ियों तक सराहा और पहना जा सकता है।

यह कलेक्शन उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है जो सादगीपूर्ण विलासिता और अर्थपूर्ण डिज़ाइन को महत्व देती हैं। प्रकृति में मौजूद सामंजस्य से प्रेरित नुवा, नाजुक बारीकियों और प्रभावशाली दृश्य पहचान का अनूठा मेल प्रस्तुत करता है, जो आधुनिक डायमंड ज्वेलरी की विशिष्ट अभिव्यक्ति बनकर उभरता है। नुवा के साथ मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने प्राकृतिक हीरा पोर्टफोलियो को और मजबूत कर रहा है।

# जन्म से बंद थे मलद्वार और मूत्र मार्ग, दो सफल ऑपरेशनों ने बदली अरुलेश की जिंदगी

**जगदलपुर/** बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम छापर भानपुरी निवासी तीन वर्षीय अरुलेश बघेल के जीवन में अब खुशियों ने दस्तक दे दी है। जन्म से ही मलद्वार और मूत्र मार्ग बंद होने जैसी गंभीर जन्मजात समस्या से जूझ रहे इस मासूम के लिए बीते कुछ वर्ष बेहद कठिन रहे, लेकिन समय पर चिकित्सा और विशेषज्ञ डॉक्टरों के प्रयासों ने उसकी जिंदगी बदल दी।

अरुलेश के पिता तुलसीदास बघेल बताते हैं कि बेटे की बीमारी उनके परिवार के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण थी। जन्म से ही मलद्वार और पेशाब का रास्ता बंद होने के कारण बच्चे को लगातार शारीरिक तकलीफों का सामना करना पड़ता था। अपने बेटे को पीड़ा में देखकर माता-पिता भी बेहद व्याकुल रहते थे।

विगत वर्ष फरवरी 2025 में स्वास्थ्य केन्द्र में जांच के दौरान अरुलेश की गंभीर स्थिति का पता चला, जिसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। वहां आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई



गई। जून 2025 में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उसके मलद्वार का पहला सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद बच्चे



की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला और उसके जीवन में नई उम्मीद जगी।

इसके बाद चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी रहा। विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार फरवरी 2026 में रायपुर में ही अरुलेश के मूत्र मार्ग का दूसरा ऑपरेशन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। दोनों जटिल ऑपरेशन के साथ ही लगातार उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श सहित समुचित देखभाल के फलस्वरूप अब अरुलेश स्वस्थ जीवन जी रहा है और सामान्य बच्चों की तरह खेल-कूद तथा दैनिक गतिविधियां कर पा रहा है।

तुलसीदास बघेल कहते हैं कि बेटे को स्वस्थ देखकर पूरे परिवार को सुकून मिला है, सबसे ज्यादा खुशी अरूलेश की दादी को मिली है जो उसके साथ ज्यादा समय बिताती है। उन्होंने उपचार में सहयोग करने वाले स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों तथा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही आयुष्मान योजना के माध्यम से मिली उपचार सुविधा के लिए सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सहायता ने उनके परिवार को आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार की बड़ी राहत दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मिलन हेतु प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 55 के तहत नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मिलन के लिए प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इस हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी (एस.डी.एम.) श्रीमती शिवानी जायसवाल को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राधिकृत अधिकारी की देखरेख में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मिलन की कार्यवाही नियमानुसार संपन्न कराई जाएगी।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश प्राक्कयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी

**अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर कर सकते हैं अवलोकन**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह प्रवेश परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित की गई थी। परीक्षा के उपरांत 20 मई 2026 को मॉडल उत्तर जारी किए गए थे, जिस पर अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई थी। प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का विधिवत परीक्षण एवं निराकरण करने के उपरांत प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश प्राक्कयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट द्धह्लह्लश्च-ह्य:झ्झ्द्दह्म्द्यद्ब14ड्ड.ष्द्द.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर संशोधित मॉडल उत्तर का अवलोकन कर सकते हैं।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर, रक्तदाताओं का किया जाएगा सम्मान

**स्वस्थ नागरिकों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून 2026 को जिला चिकित्सालय सूरजपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन श्री बाबुलाल अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। समारोह में स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। रक्तदान महादान है और इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से आयोजित इस रक्तदान शिविर में स्वस्थ नागरिकों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की गई है।

### आदिमानव' इस साल का सबसे बहुप्रतीक्षित सर्वाइवल एडवेंचर शो क्यों है ?

भारतीय दर्शकों ने अब तक रोमांचकारी शो, रियलिटी प्रतियोगिताएं और सहनशक्ति परखने के लिए बने कार्यक्रम तो बहुत देखे हैं, लेकिन डिस्कवरी का आगामी शो 'नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव' भारतीय टेलीविजन पर पहले कभी न देखा गया सर्वाइवल अनुभव ला रहा है। वैश्विकस्तर पर सफल 'नेकेड एंड अफ्रेड' फ्रेंचाइजी के पहले भारतीय रूपांतरण के रूप में यह सीरीज रोमांच, सहनशक्ति और वास्तविक सर्वाइवल को एक साथ लाएगी, जिसमें प्रतिभागियों की सीमाओं को उनके अंतिम बिंदु तक परखा जाएगा। 15 जून को रात 11 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी प्लस पर प्रदर्शित होने वाला यह शो 6 भारतीय प्रतिभागियों को फिलिपींस के पलावन के खतरनाक जंगलों में ले जाएगा, जहां उन्हें अनजान जंगलों, अनिश्चित मौसम और विषम परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के साथ बिना किसी आधुनिक सुविधाओं के रहना होगा। इसके बाद सूझबूझ, परिस्थितियों से तालमेल बिठाने की क्षमता और दृढ़ संकल्प की असली परीक्षा होगी। इस चुनौती को और भी आकर्षक बनाता है इसमें शामिल होने वाले अनोखे प्रतिभागियों का समूह। इसके लिए साथ आए हैं ।

दैनिक
विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर, शनिवार 13 जून 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# संपादकीय

## आय एवं व्यय के आंकड़े

आय कर रिटर्न्स से उभरा रुझान साफ है। भारत में प्रत्यक्ष कर राजस्व अधिक से अधिक धनी वर्गों पर निर्भर होता जा रहा है। वैसे, विषमता बढ़ने की पुष्टि हवाई यात्रा संबंधी ताजा आंकड़ों से भी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दाखिल हुए आयकर रिटर्न्स से देश में बढ़ रही आर्थिक गैर-बराबरी की झलक मिली है। एक अंग्रेजी वित्तीय अखबार के विश्लेषण के मुताबिक पांच लाख रुपये तक आमदनी वाले व्यक्तियों के रिटर्न की संख्या 2024-25 की तुलना में गिर कर लगभग आधी रह गई है। ऐसा संभवतः इसलिए हुआ कि गुजरे वित्त वर्ष में सरकार के आय कर दरों में बढ़ोतरी करने की वजह से बहुत से लोगों के लिए रिटर्न फाइल करने की अनिवार्यता नहीं रह गई। मगर इससे यह भी जाहिर होता है कि लोगों के क्रमिक रूप से ऊपर के आय वर्ग में शामिल होने का क्रम टूटा हुआ है। 2019-20 के बाद से 2022-25 तक पांच लाख से कम आबादी वाले वर्ग की ओर से सबसे ज्यादा रिटर्न फाइल होते थे। मगर अब पांच से दस लाख रुपये के बीच की आमदनी वाले समूह ने यह स्थान हासिल कर लिया है। 2024-25 में इस आय वर्ग में चार करोड़ 75 लाख रिटर्न फाइल हुए थे, जो पिछले वर्ष पांच करोड़ 45 लाख तक पहुंच गए। रुझान साफ है। भारत में प्रत्यक्ष कर राजस्व अधिक से अधिक धनी वर्गों पर निर्भर होता जा रहा है। वैसे, विषमता बढ़ने की पुष्टि हवाई यात्रा संबंधी ताजा आंकड़ों से भी हुई है। 2011-12 में हर दस लाख आबादी पर 649 परिवारों के 775 लोगों ने हवाई यात्रा की थी। तब कुल छह करोड़ 80 लाख हवाई यात्राएं हुईं। 2023-24 में हवाई यात्राओं की संख्या 15 करोड़ 37 लाख तक पहुंच गई। लेकिन ये यात्राएं हर दस लाख आबादी में 471 लोगों ने की, जो 469 परिवारों से आए। मतलब यह कि 2011 में हवाई यात्राओं की संख्या भले कम थी, मगर आबादी के हिसाब से यात्रियों का अनुपात कहीं बड़ा था। महंगी कारों एवं अन्य उपभोक्ता चीजों की खरीदारी के आंकड़ों से भी इसी रुझान का संकेत मिलता है। इसीलिए सरकार के विषमता घटने के दावों पर यकीन करना मुश्किल होता गया है। मसलन, पारिवारिक उपभोग खर्च सर्वे रिपोर्ट- 2023-24 में ऐसा दावा किया गया। जबकि आय एवं व्यय के अन्य आंकड़े कुछ और कहानी बताते हैं।

# ऐतिहासिक कार्यकाल,परिवर्तनकारी नेतृत्व

श्री सीपी राधाकृष्णन

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है। श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा। इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। नि:शुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं। साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है। भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है। समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। विकास भी, विरासत भी की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है। उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर,



प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी विकास भी, विरासत भी की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुड़े रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है। इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं। भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है। पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है। इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने एक मानवता के नेक विचार को अपनाया था। वसुधैव कुटुंबकम की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है। 'काशी-तमिल संगमम' और 'सौराष्ट्र-तमिल संगमम' जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में 'सेंगोल' की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

# अंत्योदय के कदमः सभी के लिए सम्मान,अवसर और विकास सुनिश्चित करना

पीढ़ियों से, भारत के सबसे वंचित समुदाय हाशिये पर रहे हैं, उन्हें लंबे समय तक कोई सुविधा नहीं मिली। पिछले 12 सालों में यह बदल गया है, जब सरकार ने अंत्योदय को अपना मंत्र बनाया। सबको साथ लेकर चलने वाली और अच्छी शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रम, रोज़ी-रोटी में मदद, अवसंरचना और सांस्कृतिक पहचान इन समुदायों तक बड़े पैमाने पर पहुंची है। मकसद साफ़है: यह सुनिश्चित करना कि जो लोग पिछड़ गए थे, उन्हें अवसर और प्रगति में सबसे आगे रखा जाए।

**गवर्नेंस फ्रेमवर्क के रूप में अंत्योदय**- महात्मा गांधी ने एक बार सलाह दी थी, 卐सबसे गरीब और सबसे कमज़ोर आदमी का चेहरा याद करो जिसे तुमने देखा हो, और खुद से पूछो कि जो कदम तुम उठाने के बारे में सोच रहे हो, क्या वह उसके किसी काम का होगा।卐 दशकों तक, यह शक्तिशाली विचार ज़्यादातर किताबों में ही मिलता था, जबकि लाखों भारतीय, देश की प्रगति से बाहर छूटे रह गए। हालांकि, पिछले बारह सालों में एक बड़ा बदलाव आया है। भारत इस आदर्श के बारे में सिर्फ़ बातें करने से आगे बढ़कर इसे अमल में लाने लगा है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि जो लोग अंतिम छोर पर थे, उन्हें अवसर, सम्मान और विकास में सबसे पहले जगह मिली है। ध्यान बिखरी हुई डिलीवरी से हटकर अधिकतम लोगों तक सेवाओं को शामिल करने पर आ गया है। आदिवासी बस्तियों में ज़्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ा है। पिछड़े समुदायों के छात्रों को पढ़ाई-लिखाई तक ज़्यादा पहुँच मिली है। सफ़ाई कर्मचारियों को मज़बूत संस्थागत पहचान और सुरक्षा सहयोग मिला है। पिछड़े और खानाबदोश समुदाय लक्षित कल्याण योजना के फोकस में आ गए हैं। यह बदलाव भौगोलिक भी दिख रहा है। आदिवासी इलाके, आकांक्षी ज़िले और दूर-दराज की बस्तियाँ विकास योजना और निगरानी के केंद्र बन गए हैं। अलग-अलग मंत्रालयों के बीच तालमेल से उन इलाकों में अंतिम छोर तक डिलीवरी मज़बूत हुई, जहाँ कभी पहुँचना मुश्किल माना जाता था।

**विकास के केंद्र में आदिवासी समुदाय**- भारत के आदिवासी समुदाय हमेशा से संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और मज़बूती से समृद्ध रहे हैं। उनके पास परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पानी, बिजली और रोज़गार के मौकों जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं तक बराबर पहुँच की कमी थी। पिछले 12 साल इस दूरी को कम करने के लिए रहे हैं- जानबूझकर, पर्याप्त मात्रा में और बड़े पैमाने पर। यह बदलाव खास तौर पर दूर-दराज की बस्तियों में दिखाई दिया है, जिसमें खास तौर पर कमज़ोर आदिवासी समूहों (PVTG) के रहने वाले इलाके भी शामिल हैं। जिन इलाकों तक पहुँचना कभी मुश्किल माना जाता था, वे अब विकास की योजना और लास्ट-माइल डिलीवरी के केंद्र बन गए हैं।

**प्रधान मंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (PM जनमन) एक कार्यक्रम है जो खास तौर पर कमज़ोर आदिवासी समूहों (PVTGs) के लिए है। वे भारत के सबसे अलग-थलग समुदायों में से हैं। कई लोग बिना पक्के घर, साफ़ पानी, बिजली या सड़क के रहते थे। सरकार ने सभी संबंधित मंत्रालयों के मिलकर किए गए प्रयासों से इन कमियों को पूरा करने के लिए नवंबर 2023 में PM जनमन शुरू किया। यह कार्यक्रम 18 राज्यों और 1 केंशाप्र में 75 PVTG समुदायों को लक्षित करता है, जो 9 मंत्रालयों द्वारा लागू किए गए 11 इंटरवेंशन के ज़रिए काम करते हैं। कुल बजटीय खर्च 24,104 करोड़ रुपये है।

**झारखंडःजंगल की ज़मीन से बाज़ार की दुकानों तक**
झारखंड के गरियाबंद ज़िले में, कमार PVTG समुदाय की महिलाएं अपने बड़ों को जंगल की जड़ी-बूटियों से इलाज करते हुए देखकर बड़ी हुईं। यह ज्ञान मांओं से बेटियों को चुपचाप मिलता था। सालों तक, उन्होंने उन जड़ी-बूटियों को कच्चा ही बाज़ार में जो भी दाम मिलता, बेचा। ज्ञान उनका था। लेकिन, कमाई बहुत कम होती थी। PM जनमन ने इसे बदल दिया। अपने वन धन विकास केंद्र पहल के तहत, इनमें से 87 महिलाएं कुछ अलग बनाने के लिए एक साथ आईं। उन्होंने छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड के तहत आयुर्वेदिक तेल, पाउडर और दवाइयाँ बनाने के लिए लाइसेंस लेकर एक यूनिट शुरू की, जिसके पास आयुष सर्टिफ़िकेशन था। एंटरप्रेन्योरशिप और डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण के ज़रिए कौशल को बेहतर बनाया गया। शुरुआत से अब तक बिक्री 159.59 लाख रुपयों तक पहुँच गई है। महिलाएं अब अपने गाँव से बाहर जाए बिना उत्पादन, पैकेजिंग और मार्केटिंग का काम संभालती हैं। जो कभी शांत, विरासत में मिला ज्ञान था, वह अब एक अच्छा बिज़नेस बन गया है। 11 इंटरवेंशन में घर, सड़क कनेक्टिविटी, पाइप से पानी की सप्लाई, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनवाड़ी केंद्र, हॉस्टल, बिजली, मोबाइल टावर, मल्टीपर्पस सेंटर, वन धन विकास केंद्र और व्यावसायिक कौशल शामिल हैं।


वन धन विकास केंद्रों (VDVKs) के ज़रिए कौशल और आजीविका:

PM जनमन का एक खास हिस्सा वन धन विकास केंद्र (VDVKs) बनाना है, जो PVTG समुदायों को जंगल से मिलने वाले उत्पाद इकट्ठा करने, प्रोसेस करने और बेचने में मदद करते हैं। इससे स्थानीय रोज़गार और आय कमाने के मौके बनते हैं। नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिज़नेस डेवलपमेंट (NIES-BUD) और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप (IIE) ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (TRIFED) की मदद से 15 राज्यों में स्किलिंग और एंटरप्रेन्योरशिप प्रशिक्षण दे रहे हैं। 500 के टारगेट में से 491 VDVK चालू हो चुके हैं (अप्रैल 2026 तक) एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 38,391 PVTG सदस्यों को ट्रेनिंग दी गई

**पीएम-जुगा/धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA), जिसे अब PM-JUGA के नाम से जाना जाता है, अक्टूबर 2024 में शुरू किया गया था। यह 17 मंत्रालयों के प्रयासों को जोड़ता है और आदिवासी-बहुसंख्यक गांवों और निजी-जनजाति बस्तियों में लंबे समय से चली आ रही कमियों को दूर करने पर केंद्रित है। PM-JUGA (प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान) के तहत, अब सरकार अलग-अलग योजनाओं को अकेले-अकेले लागू करने के बजाय, कई मंत्रालयों और विभागों को मिलाकर एक साथ, एक बड़े मिशन के रूप में आदिवासी क्षेत्रों के विकास पर ध्यान दे रही है।

एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (EMRS)

एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (EMRS) अनुसूचित जनजाति के छात्र के बीच पढ़ाई के मौके बढ़ाने के लिए एक अहम कदम के तौर पर उभरे हैं। आदिवासी बहुल इलाकों में बने ये रेजिडेंशियल स्कूल क्लास VI से XII तक अच्छी क्वालिटी की पढ़ाई, मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर और पूरे विकास में मदद देते हैं। पिछले 12 सालों में, एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों के बढ़ने से दूर-दराज के जिलों में आदिवासी पढ़ाई के इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव आया है। 2018 के बाद यह नेटवर्क तेज़ी से बढ़ा, जिससे मॉडर्न रेजिडेंशियल स्कूलिंग और अच्छी क्वालिटी की पढ़ाई उन अनुसूचित जनजाति समुदायों के करीब आई जो पीढ़ियों से सुविधाओं से वंचित रहे। 2026 तक, 499 स्कूलों में




1.56 लाख से ज़्यादा छात्र पढ़ रहे हैं। 323 और स्कूल बन रहे हैं। EMRS में पढ़े कई छात्र स्ट्रक्चर्ड सेकेंडरी एजुकेशन सिस्टम में आने वाले पहली पीढ़ी के शिक्षा पाने वाले बन गए। नए कैंपस में ऐसी सुविधाएं शुरू की गईं जो पहले कई दूर-दराज के इलाकों में नहीं थीं, जिनमें स्मार्ट क्लासरूम, साइंस और कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल शिक्षण सुविधाएं और लड़कों और लड़कियों के लिए अलग हॉस्टल शामिल हैं।

हिमालयी गांव से IIT तक: जतिन नेगी की कहानी

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित सांगला गांव तिब्बत की सीमा से लगता है। सर्दियों में यहां दो महीने तक बिजली नहीं रहती और बर्फबारी के कारण सड़कें बंद हो जाती हैं। जतिन नेगी यहीं पले-बढ़े। उन्होंने छठी कक्षा में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल विद्यालय में दाखिला लिया। व्यवस्थित शिक्षा, नियमित परीक्षाएं और शिक्षकों का मार्गदर्शन, जिन्होंने उन्हें पाठ्यपुस्तकों से परे जाकर सीखने के लिए प्रेरित किया, ने सब कुछ बदल दिया। जब वे बारहवीं कक्षा में थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया, तो उनके शिक्षकों ने उन्हें सहारा दिया। उन्होंने एक साल का अवकाश लिया, अथक परिश्रम से पढ़ाई की और 421वीं अखिल भारतीय रैंक के साथ जेईई एडवांस्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। अब वे आईआईटी जोधपुर में अध्ययनरत हैं। उनके गांव में किसी ने कभी आईआईटी के बारे में सुना भी नहीं था। जतिन की कहानी उन 597 EMRS छात्रों में से एक है जिन्होंने 2024-25 में जेईई और NEET परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि 2022-23 में यह संख्या मात्र 2 थी।

जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को सहायता (TRIs)

जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) जनजातीय भाषाओं, संस्कृति, परंपराओं और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के दस्तावेजीकरण और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्हें पूरे देश में समर्थन प्राप्त है। 29 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में ये अनुसंधान करते हैं, मौखिक इतिहास दर्ज करते हैं, सांस्कृतिक प्रथाओं का दस्तावेजीकरण करते हैं और संग्रहालयों, अभिलेखागारों, प्रकाशनों, उत्सवों और आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय विरासत के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। यह सुनिश्चित करते हुए कि जनजातीय ज्ञान विद्वत्ता और शासन दोनों को प्रभावित करे, जनजातीय संस्थान नीति विकास और क्षमता निर्माण में भी योगदान देते हैं । इन प्रयासों को जनजातीय अनुसंधान, सूचना, शिक्षा, संचार एवं आयोजन (ञ्जक्रढ्ढ-श्वष्टश्व) योजना के अंतर्गत और भी समर्थन प्राप्त है। यह आईआईटी, आईआईएम, एम्स, टीईआरआई और भाषा अनुसंधान संस्थान सहित विभिन्न संस्थानों के माध्यम से लुप्तप्राय भाषाओं, पारंपरिक चिकित्सा, सामुदायिक वन अधिकारों और निजी समूहों की आजीविका जैसे विषयों पर अनुसंधान को वित्त पोषित करता है।

**जनजातीय विरासत और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान**- पिछले 12 वर्षों में सरकार ने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष करने वाले आदिवासी नेताओं को सम्मानित करने के लिए 10 राज्यों में 11 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों को मंजूरी दी है। झारखंड, मध्य प्रदेश (2 संग्रहालय), और छत्तीसगढ़ में चार संग्रहालयों का उद्घाटन किया गया है। मिजोरम, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, गुजरात, गोवा और मणिपुर में सात और परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। जयंतिया गौरव दिवस हर साल 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मशती के रूप में मनाया जाता है। यह न केवल एक नेता को सम्मानित करता है, बल्कि औपनिवेशिक शासन के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध के पूरे इतिहास को सम्मानित करता है जिसे मुख्यधारा के भारत ने लंबे समय से नजरअंदाज किया था। 150वां Birth Anniversary of Bhagwan Birsa Munda was observed as Janjatiya Gaurav Varshfrom 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जयंतिया गौरव दिवस के रूप में मनाई गई।

**अनुसूचित जातियों के लिए न्याय और अस्मिता**- पिछले 12 वर्षों में अनुसूचित जाति (स्ट) समुदाय लक्षित विकास रणनीति के केंद्र में रहे हैं। यह रणनीति आर्थिक सशक्तीकरण, शिक्षा तक पहुंच और समर्पित बजटीय सहायता को जोड़ती है और प्रतीकात्मक समावेशन से आगे बढ़कर वास्तविक समानता की ओर अग्रसर है।

**प्रधान मंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय)**- 2021 में शुरू,पीएम-अजय योजना अनुसूचित जाति बहुल गांवों के एकीकृत विकास पर केंद्रित है। यह योजना वंचित अनुसूचित जाति समुदायों में अवसंरचना निर्माण, कौशल विकास और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देती है। पीएम-अजय योजना के तहत, आदर्श ग्राम घटक योजनाओं के समन्वय, ग्राम विकास योजनाओं और महत्वपूर्ण स्थानीय जरूरतों के लिए अंतर-पूर्ति सहायता के माध्यम से अनुसूचित जाति-बहुसंख्यक गांवों के विकास के लिए क्षेत्र-आधारित दृष्टिकोण अपनाया जाता है। यह 26 राज्यों के 597 जिलों में 47,334 गाँव कवर करता है। यह कार्यक्रम 4 करोड़ अनुसूचित जाति के 83 लाख परिवारों से अधिक.तक पहुंचता है। इस कार्यक्रम ने ग्राम स्तर पर योजना बनाने और बुनियादी ढांचे की निगरानी को भी मजबूत किया है। 25,000 से अधिक गांवों में बुनियादी ढांचे के आकलन का काम पूरा हो चुका है। इससे सड़कों, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वच्छता और कनेक्टिविटी में मौजूद कमियों को अधिक व्यवस्थित तरीके से पहचानने में मदद मिली है। युवाओं की भागीदारी और आजीविका सृजन पर भी विशेष जोर दिया गया है। कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी और ग्राम बुनियादी ढांचे का निर्माण दीर्घकालिक आर्थिक भागीदारी की दिशा में किए जा रहे व्यापक प्रयासों का अभिन्न अंग बन गया है।

**अनुसूचित जातियों के लिए विकास कार्य योजना (DAPSC)**- अनुसूचित जातियों के लिए विकास कार्य योजना (DAPSC) देश भर में अनुसूचित जाति-केंद्रित व्यय के लिए एक समर्पित फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। DAPSC एक स्वतंत्र योजना नहीं है। यह अनुसूचित जाति समुदायों के कल्याण और विकास के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं और पहल को एकीकृत करती है। यह फ्रेमवर्क सुनिश्चित करता है कि मंत्रालय अनुसूचित जाति समुदायों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए समर्पित धनराशि आवंटित करें। वर्तमान फ्रेमवर्क 38 मंत्रालय और विभाग को समाहित करता है। यह 239 योजनाएँ शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य सेवा, कौशल, आजीविका, विद्युतीकरण और सामाजिक न्याय सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहायता करता है।

अनुसूचित जाति और अन्य के लिए छात्रवृत्ति सहायता यंग अचीवर्स स्कीम के लिए उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना (SHREYAS) फरवरी 2019 में शुरू की गई श्रेयस योजना, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और उप-पिछड़ा वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा, अनुसंधान, प्रतियोगी परीक्षाओं और विदेश में अध्ययन करने में सहायता प्रदान करती है। यह योजना वित्तीय बाधाओं को कम करने और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसरों तक पहुंच बढ़ाने के लिए कई उपायों को एक साथ लाती है। अकेले 2025-26 में, शीर्ष स्तरीय शिक्षा घटक ने अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिए 30 प्रतिशत आरक्षित सीटों सहित आईआईटी, आईआईएम, एम्स और एनआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों में, 4,156 अनुसूचित जाति के छात्रों को सहायता प्रदान की। इसी अवधि के दौरान, 990 छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग योजना ने सहायता प्रदान की। जबकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति से 72 छात्रों को सहायता प्राप्त हो रही थी। छात्र विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना। अनुसंधान स्तर पर, 2025-26 के दौरान ही 4,153 एससी स्कॉलर और 1,969 ओबीसी स्कॉलर को फैलोशि योजनाओं से लाभ हुआ।

लक्षित क्षेत्रों में हाई स्कूलों के छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (SHRESHTA)

कम आय वाले परिवारों के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा तक पहुंच अत्यंत महत्वपूर्ण बनी हुई है। जून 2022 में शुरू की गई यह स।ह्रश्वस्।ञ्ज योजना कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा को सक्षम बनाकर इस आवश्यकता का समर्थन करती है।

**इस योजना के दो मोड हैं:** ? मोड-ढ्ढ मेधावी अनुसूचित जाति के छात्रों को राष्ट्रीय SHRESHTA प्रवेश परीक्षा (NETS) के माध्यम से निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाने में सहायता करता है। ? मोड-II स्वैच्छिक संगठनों और संस्थानों द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों का समर्थन करता है। वार्षिक पारिवारिक आय वाले पात्र अनुसूचित जाति के छात्र इसका लाभ उठा सकते हैं। 2.5 लाख रुपये वार्षिक तक आय वाले उम्मीदवार हृश्वञ्जस् परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

**दो बालिकाएं, एक योजना, एक संकल्प**- जिन बच्चों को पता होता है कि उनके परिवार उन्हें असफल नहीं होने दे सकते, उनमें एक खास तरह का दृढ़ संकल्प पनपता है। डोली और उर्मिला की कभी मुलाकात नहीं हुई। एक हिमाचल प्रदेश से है, दूसरी राजस्थान से। भौगोलिक दूरी ने उन्हें अलग कर दिया है, लेकिन उनकी कहानियां मिलती-जुलती हैं। डोली के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। उसके स्कूल छोड़ने का खतरा बहुत अधिक था। बिना सहारे के उसके लिए अपनी पढ़ाई जारी रखना संभव नहीं था। स।ह्रश्वस।ञ्ज'ह्य स्श्वस्रद्ग-ढ्ढ जो संस्था दक्षिण कैरोलिना के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण स्कूलों में प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान करती है, उसकी बदौलत वह अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में डलहौजी पब्लिक स्कूल में नामांकित रही। उसने आईआईटी दिल्ली में प्रवेश प्राप्त किया जहां आज वह सिवल इंजीनियरिंग में पढ़ाई कर रही है।. 卐 स।ह्रश्वस।ञ्ज ने मुझे सीमाओं के बावजूद अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोग, प्रेरणा और आत्मविश्वास दिया। उर्मिला के पिता राजस्थान के बलराव जिले में एक छोटे से खेत में खेती करते हैं। उर्मिला को मोड-ढ्ढढ्ढ के जरिए आर्थिक सहायता मिलती है। यह संस्था अनुसूचित जाति के छात्रों को प्रवेश देने के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय स्कूलों को सूचीबद्ध और वित्त पोषित करती है। जब उसने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी।

# बंदूकधारी नक्सलवाद समाप्त हुआ, अब वैचारिक नक्सलवाद को समाप्त करने का दायित्व विद्यार्थियों का

## विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता करेंगे राष्ट्र निर्माण का कार्य : निलेश सोलंकी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भगवान राजीव लोचन एवं भगवान कुलेश्वरनाथ की पावन नगरी राजिम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग दिनांक 12 से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ प्रांत अध्यक्ष डॉ. विकास पाण्डेय जी, प्रांत मंत्री श्री अनंत सोनी जी, अखिल भारतीय जनजाति कार्य प्रमुख श्री निलेश सोलंकी जी एवं निवर्तमान प्रांत संगठन मंत्री श्री महेश साकेत जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

अभ्यास वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को विद्यार्थी परिषद की कार्यपद्धति, सैद्धांतिक भूमिका, सदस्यता अभियान, आंदोलन की कार्यप्रणाली, प्रभावी भाषण कला, कार्यक्रम नियोजन, स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस वर्ष अभ्यास वर्ग में कई नवाचार भी किए जा रहे हैं, जिसमें जीरो फूड वेस्ट, नो मोबाइल यूज जैसे संकल्पों के साथ कार्यकर्ताओं में अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

प्रांत अध्यक्ष डॉ. विकास पाण्डेय जी ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से पूर्व विद्यार्थी परिषद अपने कार्यकर्ताओं का अभ्यास वर्ग आयोजित करती है। इसका उद्देश्य समाज की मूल भावना एवं विचारों को विद्यार्थियों तक पहुंचाना, विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसरों में सकारात्मक वातावरण एवं अनुशासन स्थापित करना है। विद्यार्थी परिषद का कार्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। अखिल भारतीय जनजाति कार्य प्रमुख श्री निलेश सोलंकी जी ने कहा कि, विद्यार्थी परिषद केवल परिसर में फीस, प्रवेश, परीक्षा, परिणाम, छात्रावास एवं अन्य छात्र समस्याओं को लेकर आवाज उठाने वाला संगठन नहीं है, बल्कि समस्याओं के समाधान का मार्ग दिखाने वाला संगठन भी है। यह विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना का भाव जागृत करता है। हमारा उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण और समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण करना है। रेडियो के समय में प्रारंभ हुआ यह संगठन आज एआई के दौर में भी निरंतर प्रगति कर रहा है और विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है।

उन्होंने कहा कि, बंदूकधारी नक्सलवाद से भारत काफी हद तक मुक्त हो चुका है, लेकिन वैचारिक नक्सलवाद अर्थात अर्बन नक्सल जैसी चुनौतियों के विरुद्ध वैचारिक लड़ाई लड़ने का कार्य विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता करेंगे।

अभ्यास वर्ग में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मांडवी जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री चेतस सुखाड़िया जी, क्षेत्रीय जनजाति कार्य प्रमुख श्री रामाधार बैंस जी सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आचार पदारोहण महोत्सव में होंगे शामिल

**रायपुर( विश्व परिवार )।** आचार्य पदारोहण सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव समिति के प्रचार-प्रसार प्रभारी श्री अजय मालू एवं श्री कन्हैया लुनावत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की सहमति प्रदान किए जाने से जैन समाज एवं समस्त आयोजन समिति में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।



सकल जैन श्री संघ, रायपुर एवं अखिल भारतीय खरतरगच्छ श्वेतांबर महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे परम पूज्य पन्यासप्रवर विनय कुशल मुनि जी महाराज के आचार्य पदारोहण महोत्सव को लेकर राजधानी रायपुर में उत्साह एवं हर्ष का वातावरण है। यह भव्य आयोजन 16, 17 एवं 18 जून 2026 को संपन्न होगा।

इसी क्रम में आचार पदारोहण सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव समिति के संयोजक श्री राजेश बुरड़, अध्यक्ष श्री सुनील पारख, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने आज नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष माननीय श्री ओम बिरला जी से सौजन्य भेंट कर उन्हें महोत्सव की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा कार्यक्रम में पधारने हेतु आमंत्रित किया।

समिति के पदाधिकारियों ने माननीय लोकसभा अध्यक्ष को महोत्सव की स्मारिका एवं आमंत्रण पत्रिका भेंट करते हुए बताया कि इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण मात्र 14 वर्षीय बालमुनि श्री हंसभद्र मुनि जी महाराज द्वारा किया जाने वाला 'सहस्त्रावधान' होगा, जो अपनी विलक्षण स्मरण शक्ति, एकाग्रता एवं आध्यात्मिक साधना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सर्वेक्षण हेतु एमटी प्रशिक्षण संपन्न

**आरंग ( विश्व परिवार )।** समग्र शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं दिव्यांग सर्वेक्षण कार्य को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र आरंग में मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक , सहायक बीईओ, बीआरपी, स्पेशल एजुकेटर सहित विकासखण्ड के सभी संकुल समन्वयक, समस्त पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग, समस्त मितानीन एम.टी. स्वास्थ्य विभाग वपंचायत इंस्पेटर, जनपद पंचायत आरंग शामिल हुए।



प्रशिक्षण के दौरान स्पेशल एजुकेटर लोकेश साहू के द्वारा प्रतिभागियों को दिव्यांगता के 21 प्रकार की पहचान, सर्वेक्षण प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही संधारण, पात्र बच्चों का चिन्हाकन, दिव्यांगता सहित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की डाटा संग्रहण, सर्वे टीम में मितानीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्कूल शिक्षकों की भागीदारी तथा समयबद्ध रिपोर्टिंग संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न शैक्षिक एवं सहायक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

# आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों में कुपोषण दूर करने जिला प्रशासन की पहल- बच्चों को सुपोषित करने चलेगा विशेष सुपोषण अभियान

- गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 5 दिन दिया जाएगा पौष्टिक लड्डू



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण की ओर ले जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए विशेष सुपोषण अभियान चलाया जाएगा। इस मुहिम की कार्ययोजना एवं संचालन के सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के 1626 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1500 केंद्रों में लगभग 9000 बच्चे कुपोषित है जो बड़ी संख्या है। बच्चे देश के भविष्य है और उनका सुपोषित होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि इन सभी 9000 कुपोषित बच्चों को अगले 6 माह में सुपोषित करने हेतु कार्ययोजना बनाई गई है जिसके अनुसार सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को मनोयोग से कार्य करना होगा. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी अधिकारी कर्मचारी बेहतर कार्य करेगा उसे सम्मानित किया जाएगा तथा लापरवाही पर कार्यवाही होगी।

विशेष सुपोषण अभियान के तहत गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 5 दिन एक- एक पौष्टिक लड्डू दिया जाएगा। यह पौष्टिक लड्डू स्थानीय स्तर पर समूह की महिलाओ द्वारा तैयार किया जाएगा। इस पौष्टिक लड्डू का निर्माण गेहूं,बेसन, रागी,मुनगा पॉवडर,गुड़, तिल,मूंगफली जैसे उच्च पौष्टिक पदार्थ से किया जाएगा। प्रात: 10 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र में ही सहायिका द्वारा बच्चों को लड्डू खिलाई जाएगी।


## विक्रांत राठौर, राठौर क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से सहसचिव नियुक्त

**रायपुर( विश्व परिवार )।** राठौर क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार राठौर, महामंत्री श्री राजेंद्र राठौर एवं कोषाध्याय श्री ओंकार प्रसाद राठौर की सहमति से राठौर क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रायपुर जिले से श्री विक्रांत राठौर को राठौर क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ का सहसचिव नियुक्त किया गया है वर्तमान में विक्रांत राठौर राष्ट्रीय राठौर युवा संगठन के राष्ट्रीय मंत्री एवं युवा CAIT CG CHAPTER के कार्यकारी अध्यक्ष एवं रायपुर ऑप्टिकल व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन एवं शंकर नगर व्यापारी संघ के सचिव के पद पर नियुक्त हैं।



## अरविन्द जैन श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के प्रांतीय मंत्री बने

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तथा वर्तमान प्रमुख सलाहकार अरविन्द जैन जैन समाज की संस्था श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के मंत्री पद पर मनोनीत हुए, अध्यक्ष मनोज पहाड़िया ने इनकी कुशल कार्यशैली व मृदु व्यवहार व अनुभव को ध्यान मे रखकर उन्हें मंत्री पद पर मनोनीत किया, निश्चित रूप से इनके कार्यकाल मे समाज लाभान्वित होगा



# महामहोत्सव समिति की बैठक में रविंद्र जैन रेलवे हुए सम्मानित



**झांसी ( विश्व परिवार )** । भगवान महावीर निर्वाण महामहोत्सव समिति की सभा श्रीमती सारिका अरुण जैन सिर्स के निवास पर श्री देवेंद्र जैन मगरपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें दैनिक जागरण के आह्वान पर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रभात फेरिया निकालने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि दिनांक 16, 17 एवं 18 जून को प्रात: 6:00 बजे से प्रभात फेरिया निकाली जायेंगी। प्रभात फेरिया श्री मुकेश जैन वीडियो, श्री प्रदीप जैन वर्द्धमान एवं श्री आर के जैन रेलवे के मुख्य संयोजन में निकाली जाएंगी। इस मौके पर रेलवे को 36 वर्षों की उपलब्धि पूर्ण सेवा उपरांत सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्ति पाने पर श्री आर के जैन रेलवे का समिति द्वारा सम्मान किया गया । इस अवसर पर राजीव जैन अहिंसा संजय जैन (छतरपुर) अमित जैन प्रधान, वैद्य सचिन जैन, मुकेश वीडियो, प्रदीप जैन वर्धमान आदि मौजूद रहे।

## प्रांजल जैन रावत ने जेईई मेन्स में सफलता का परचम लहराया

**राघौगढ़ 12 जून।** राघौगढ़ निवासी प्रांजल जैन रावत ने वर्ष 2026 की जे ई ई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जैन समाज,गृह नगर राघौगढ़ एवं गुना जिले का गौरव बढ़ाया है। जारी विज्ञप्ति में उल्लेख किया है जैन समाज राघौगढ़ के पूर्व संरक्षक, गुना जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय दिनेश कुमार रावत के पौत्र, एन एफ एल विजयपुर में इंजीनियर आलोक रावत के सुपुत्र प्रांजल जैन रावत ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा जे ई ई मेंस 2026 में अखिल भारतीय रैंक 4026 प्राप्त कर देश के सुप्रसिद्ध भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया है। इस वर्ष यह परीक्षा 16 लाख विद्यार्थियों ने दी थी। जिसमे 2.50 लाख ने अहर्ता प्राप्त की थी। परीक्षा में लगभग 56 हजार विद्यार्थी सफल हुए हैं। जिनमें 18 हजार विद्यार्थियों को देश के 23 भारतीय औद्योगिकी संस्थाओं में प्रवेश मिलता है। प्रांजल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी दिनेश कुमार रावत को देते हुए कहा है उनके द्वारा दिए अच्छे संस्कार और लगन एवं मेहनत से पढ़ाई का ही यह परिणाम है।



## आचार्य पदारोहण - सहस्त्रावधान एवं तपस्या महोत्सव में शामिल होने परम् पूज्य संत श्री मणिभद्र मुनि जी का हुआ रायपुर पदार्पण



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में 16 से 18 जून 2026 तक सकल जैन समाज छत्तीसगढ़ एवं अखिल भारतीय खरतरगच्छ संघ के संयुक्त तत्वावधान में त्रिरत्न-महायज्ञ के रूप में भव्य आचार्य पदारोहण-सहस्त्रावधान एवं तपस्या महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

प्रचार-प्रसार समिति के अजय मालू एवं कन्हैया लूनावत ने बताया कि राष्ट्र संत, नेपाल केशरी परम् पूज्य संत श्री मणिभद्र मुनि जी म सा आदि ठाना 3 का समारोह में सानिध्य हेतु पदार्पण रायपुर की सीमा में हो चुका है। भानपुरी छत्तीसगढ़ फेडरेशन के कार्यालय में विराजमान संतों की अगवानी में अध्यक्ष सुनील पारख, विनय पटवा, जितेंद्र गोलछा, अमित सुराणा, कन्हैया लूणावत उपस्थित हुए। तीन दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# आधुनिक जीवन शैली व तनावमुक्त जीवन पर विशेष व्याख्यान

# साईन्स के साथ साइलेंस का समन्वय ही तनाव मुक्त जीवन की कुंजी... ब्रह्माकुमारी गीता दीदी, भीनमाल

- अतीत की बातों को भूलकर वर्तमान में जीना सीखें
- संवाद की कमी से पारिवारिक दूरियाँ तनाव पैदा कर रही है




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज के आधुनिक युग में जहाँ विज्ञान ने हमें असीमित साधन और सुविधाएँ दी हैं, वहीं मनुष्य मानसिक शांति और मानवीय संवेदनाओं से दूर होता चला गया है। आज के भागमभाग भरे जीवन में हम प्ले बटन दबाकर बिना किसी उद्देश्य के भाग रहे हैं। हम विराम (पॉज) लगाना भूल गए हैं। आज जीवन में तनाव इस कदर व्याप्त हो चुका है कि लोगों को तनाव न होने पर भी तनाव होने लगता है।

यह विचार भीनमाल (राजस्थान) की ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान सत्र में व्यक्त किए। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यकम में कृषि विश्वविद्यालय की डीन आरती गुहा, विद्यार्थी कल्याण के डीन डॉ. संजय शर्मा और ब्रह्माकुमारी अदिति सहित बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक व छात्र उपस्थित थे।

उन्होंने आगे कहा कि आजकल हमारा जीवन हमेशा प्ले मोड पर रहता है और हम बिना किसी उद्देश्य के एक ऐसी दौड़ में भाग रहे हैं जिसका कोई अंत नहीं है। इस अंधी दौड़ ने समाज के हर वर्ग और हर उम्र के व्यक्ति को तनाव से भर दिया है। तनाव हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

उन्होंने तनाव के कारणों की चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया कि बहुत से लोग वर्तमान में जीने के बजाय अतीत की उन बातों का चिंतन करते रहते हैं जिन्हें बदलना संभव नहीं है। इसका सबसे अच्छा समाधान यह है कि जिन चीजों को आप बदल नहीं सकते उन्हें स्वीकार करे और जिन्हें स्वीकार नहीं कर सकते उन्हें बदलने का प्रयास करें। दुनिया में कोई भी ऐसा ताला नहीं बना जिसकी चाबी न हो। हर समस्या का समाधान मौजूद है। बस धैर्य की आवश्यकता है। श्रीमद् भगवत गीता का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हुआ उसे खुशी से स्वीकार करना मन की शांति के लिए आवश्यक है।

ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने बतलाया कि वर्चुअल दुनिया और विंडो पर्सनालिटी का खतरा आज के युवाओं में बढ़ते तनाव का एक बड़ा कारण वर्चुअल वर्ल्ड (आभासी दुनिया) है। लोग वास्तविक संबंधों से ज्यादा फेसबुक लाइक्स और सोशल मीडिया की दुनिया को महत्व दे रहे हैं। उन्होंने विंडो पर्सनालिटी (लोग क्या कहेंगे) की आलोचना करते हुए कहा कि आज लोग इस चिंता में अधिक रहते हैं कि लोग क्या कहेंगे।

# प्रोजेक्ट पुनर्जीवनः चारों ओर से घिरे सभी पौधों को पर्यावरण देने कांक्रीट और ट्री गार्ड हटाने का अभियान शुरू

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और छत्तीसगढ़ शासन के समाजहितकारी निर्देश पर रायपुर जिला प्रशासन द्वारा रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में ऐसे सभी पौधों को प्राकृतिक रूप से विकसित होने देने और पानी प्राप्त करने देने हेतु चारों ओर से कांक्रीट और ट्री गार्ड से घिरे हुए समस्त पौधौँ को प्राकृतिक विकास हेतु पानी प्राप्त करने देने पर्यावरण हितेषी वातावरण उन्हें शहर क्षेत्र में प्रदान करने समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका द्वारा इस सम्बन्ध में व्यक्त की गयी गहन चिंता पर तत्काल प्रारम्भ किये गए रायपुर जिला प्रशासन के पर्यावरण हितैषी प्रोजेक्ट पुनर्जीवन के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री संबित मिश्रा ने नगर निगम के सभी जोन कमिश्नरों को अपने -अपने जोन क्षेत्र के सभी वार्डों में चारों ओर से कांक्रीट के घेरे और ट्री गार्ड आदि से घिरे हुए समस्त पौधौँ को चारों ओर लगे हुए कांक्रीट और ट्री गार्ड के घेरों को अतिशीघ्र हटाकर उन्हें प्राकृतिक तौर पर विकसित होने देने पानी प्राप्त करने देने हेतु ऐसे सभी पौधौँ को पर्यावरण हितेषी वातावरण देने का कार्य समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पहली प्राथमिकता के आधार पर करने निर्देशित किया है.




रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 5, 6 और जोन 10 के विभिन्न स्थानों में कांक्रीट के घेरे और ट्री गार्ड से घिरे हुए पौधौँ के चारों ओर की कांक्रीट और ट्री गार्ड को हटाकर उन्हें प्राकृतिक तौर पर विकसित होने और पानी प्राप्त करने देने का प्रकृति संरक्षण कार्य अभियान के रूप में प्रारम्भ कर दिया गया है. ये पौधे अब तक चारों ओर कांक्रीट के घेरे और ट्री गार्ड के घेरे के चलते अब तक प्राकृतिक रूप से विकसित नहीं हो पा रहे थे, अब इनका प्राकृतिक रूप से विकसित होने पानी प्राप्त करने का मार्ग प्रोजेक्ट पुनर्जीवन अंतर्गत कांक्रीट के घेरे और ट्री गार्ड के घेरे को हटाए जाने से समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पूरी तरह से प्रशस्त हो गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### स्व निधि लोन महोत्सव मेला का आयोजन



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री स्व निधि लोन महोत्सव मेला का आयोजन संजय मार्केट में किया गया। फुटकर एवं पथ विक्रेता द्वारा अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए लोन हेतु आवेदन जमा किया गया। स्थल पर ही आवेदनो को आनलाइन भरने कि सुविधा भी उपलब्ध किया गया था। शिविर स्थल पर अग्रिण बैंक सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के काउंटर लगाए गये थे जिससे लोन की प्रक्रिया समझने तथा अन्य जानकारी मिलने का सुविधा रहा है। शिविर के सफल संचालन के लिए निगम आयुक्त महोदय द्वारा अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाया गया है। शिविर स्थल पर लोन लेने के फुटकर एवं पथ विक्रेता हितग्राहियों को आवेदन के साथ अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पेन कार्ड की फोटो कापी तथा स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा । हितग्राहियों की सुविधा के लिए शिविर संजय नगर मार्केट में आगामी 16 एवं 19 जुन को पैनी पसारी डोम शेड पर प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने निगम क्षेत्र के पथ एवं फुटकर विक्रेता हितग्राहियों से अपील किया है कि शिविर स्थल पर आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

### समाधान सेल की सूचना पर कार्रवाई: 40 पाव देशी शराब के साथ शराब कोचिया गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले में आमजनों की शिकायतों और आपराधिक गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संचालित समाधान सेल एक बार फिर प्रभावी साबित हुई है। समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस चौकी बया की टीम ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में चौकी बया पुलिस ने ग्राम बया में घेराबंदी कर आरोपी को अवैध रूप से शराब ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी की पहचान हेकनाथ सेन (36 वर्ष) निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना पिथौरा, जिला महासमुंद के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब, जिसकी कीमत लगभग 3,200 रुपये आंकी गई है, जब्त की। साथ ही शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीके 5053 को भी जप्त किया गया।

आरोपी के खिलाफ चौकी बया में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की गई।

# खाद संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा: राजिम में ट्रैक्टरों का जनसैलाब, चक्काजाम कर सरकार को दी बड़ी चेतावनी

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** खाद संकट, बढ़ती महंगाई और किसानों की लगातार उपेक्षा के विरोध में शुक्रवार को राजिम की सड़कों पर किसानों का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट, नारों की गूंज और हजारों किसानों की एकजुटता ने पूरे नगर को आंदोलन के रंग में रंग दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में निकली विशाल ट्रैक्टर रैली ने किसानों के आक्रोश और उनकी मांगों की गंभीरता को जोरदार तरीके से सामने रखा।

**ट्रैक्टरों की लंबी कतारों से थम गया शहर-** कृषि उपज मंडी से शुरू हुई ट्रैक्टर रैली में हजारों किसान शामिल हुए। कई किलोमीटर तक फैले ट्रैक्टरों के काफिले ने राजिम की सड़कों को पूरी तरह किसानों के आंदोलन का केंद्र बना दिया। हाथों में तख्तियां और झंडे लिए किसान खाद की किल्लत, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, खाद की कालाबाजारी और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर लगातार नारेबाजी करते रहे।







**बुवाई के समय खाद के लिए भटक रहे किसान-** पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर आयोजित सभा में पूर्व विधायक एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेष शुक्ल ने सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बुवाई के सबसे महत्वपूर्ण समय में किसान खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, जबकि कालाबाजारी करने वाले बेखौफहोकर मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी नीतियों के चलते खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है और सरकार किसानों की मूलभूत जरूरतें पूरी करने में भी असफल साबित हो रही है।

**मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेशभर में होगा आंदोलन-** प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, किसान नेता तेजराम विद्रोही सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को जिला स्तर से बढ़ाकर प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा।

**चक्काजाम से थमी रफ्तार, घंटों जाम में फंसे वाहन-** विशाल रैली के बाद किसानों ने पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर चक्काजाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके चलते राजिम के प्रमुख मार्गों पर घंटों तक यातायात प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए प्रशासन और पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। हालांकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन किसानों के तेवरों ने स्पष्ट कर दिया कि अब वे अपनी मांगों को लेकर किसी भी स्तर तक संघर्ष करने को तैयार हैं।

**किसानों की हुंकार से गूंजा राजिम-** खाद संकट और महंगाई के खिलाफ उठी किसानों की यह आवाज केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल की बढ़ती पीड़ा और असंतोष का बड़ा संदेश बनकर सामने आई। किसानों ने साफ संकेत दिया है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है।

## सुरक्षित यातायात की ओर एक कदम: स्कूल बस चेकिंग अभियान एवं चालक सम्मान समारोह आयोजित

**बीजापुर।** जिला पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मिनी स्टेडियम, में स्कूल बस चेकिंग अभियान एवं चालक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में ऑटो संघ के अध्यक्ष केशव झाड़ी, उपाध्यक्ष दिलीप जंगम, कोषाध्यक्ष दिनेश ओयम एवं सचिव भूपेन जंगम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही पिकअप संघ के सदस्य भी अपने वाहनों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में यातायात नोडल अधिकारी एवं डीएसपी विनीत साहू, यातायात प्रभारी केशव ठाकुर तथा परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला पुलिस, परिवहन विभाग एवं संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न स्कूल बसों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बसों के ब्रेक, लाइट, इंडिकेटर, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर, फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, बीमा तथा चालकों के वैध ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाई गई कमियों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित विद्यालय प्रबंधन एवं वाहन संचालकों को निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ऑटो, पिकअप एवं बस चालकों को सुरक्षित सारथी, सुरक्षित सफर का संदेश देते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन, नशामुक्त वाहन चलाने एवं यातायात अनुशासन बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया।

अपने संबोधन में यातायात नोडल अधिकारी एवं डीएसपी विनीत साहू ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा वाहन चालकों की सतर्कता से अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी चालकों से जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ वाहन संचालन करने का आह्वान किया।

यातायात प्रभारी केशव ठाकुर ने उपस्थित वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए नियमों के पालन के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित गति सीमा में सुरक्षित वाहन संचालन करने वाले चयनित वाहन चालकों को यातायात नोडल अधिकारी विनीत साहू द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर दौरे में केशकाल में निरीक्षण के दौरान दिए थे निर्देश, विभाग ने आज कार्यादेश किया जारी

**कोंडागांव।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर दौरे के दौरान अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे। उन्होंने केशकाल बायपास के कार्यों में तेजी लाने को लेकर अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आज राष्ट्रीय राजमार्ग-30 रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर बहुप्रतीक्षित केशकाल घाट फोरलेन बायपास रुट के निर्माण के लिए चयनित निर्माण एजेंसी को कार्यादेश जारी कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान 5 जून को विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के साथ बायपास के दोनों छोरों का निरीक्षण कर इसके काम में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उनके निरीक्षण के बाद विभाग ने आवश्यक कार्यवाहियां तेजी से पूर्ण कर आज निर्माण एजेंसी को कार्यादेश जारी कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री साव ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से निर्माण सामग्री एवं निर्माण की पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए यह बायपास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका तेजी से निर्माण कर आवाजाही शुरू करना सरकार की प्राथमिकता में है।

**11.38 किमी का है बायपास, 2 वृहद और 2 मध्यम पुल भी बनेंगे-** लोक निर्माण विभाग दवारा 308 करोड़ रुपए की लागत से 11.38 किमी लंबे केशकाल घाट बायपास का निर्माण किया जा रहा है। इस बायपास में दो वृहद और दो मध्यम पुल भी बनाए जाएंगे।


कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990
www.govtdentalcollegeraipur.in / Email-govdentalcollege@gmail.com (GST- 22JBPS02579D1D2)

क./ 2705 /कय/जीडीसी/2026 रायपुर, दिनांक 11-06-26

//निविदा सूचना //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के विभिन्न विभागों में लगने वाले डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल, सर्जिकल, इंप्लांट एवं अन्य आवश्यक सामग्रीयों के कय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विकेताओं (Manufacturer, Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जा सकते है। इसके लिये **पृथक-पृथक राशि रूपये 500/-** का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक **17/06/2026,** सायं 5:30 बजे तक राशि रू. 500/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है:-

**पेरियोडोन्टिक्स, ओरल मेडिसीन एंड रेडियोलाजी एवं अन्य विभाग (निविदा क. 2702, दिनांक 11/06/2026)**

| कमांक | सामग्रीयो का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल, इंप्लांट एवं अन्य आवश्यक सामग्री | 20 लाख | 20 हजार |

**प्रोस्थोडोन्टिक्स एवं अन्य विभाग (निविदा क. 2703, दिनांक 11/06/2026)**

| कमांक | सामग्रीयो का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री | 20 लाख | 20 हजार |

**कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री, पिडोडोन्टिक्स एवं अन्य विभाग (निविदा क. 2704, दिनांक 11/06/2026)**

| कमांक | सामग्रीयो का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री | 20 लाख | 20 हजार |

निविदा बिकी की अंतिम तिथि — 17/07/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि — 20/07/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा खोलने की तिथि — 21/07/2026 समय दोपहर 12.00 बजे
निविदा जमा करने व खोलने का स्थान — शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

**टीप-उक्त प्रकाशित निविदाओं (कमांक 2702, 2703 एवं 2704 दिनांक 11/06/2026) हेतु पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 500/- के साथ निविदा प्रपत्र प्रस्तुत किये जायेंगे।**

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय,
रायपुर (छ0ग0)

G-262701404/2


# आदिवासी समाज की 36 सूत्रीय मांगों पर प्रशासन गंभीर: कलेक्टर ने दिया त्वरित कार्रवाई का भरोसा

### जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई महत्वपूर्ण बैठक, सड़क-बिजली-पानी से लेकर वनाधिकार पट्टों तक उठे मुद्दे



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले के आदिवासी समाज की विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, वनमंडलाधिकारी शशिगानंदन के., उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न ग्रामों की मूलभूत समस्याओं और विकास कार्यों से जुड़ी 36 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, वनाधिकार पट्टा, आवास, सामुदायिक भवन, विद्युतीकरण, रोजगार तथा वनोपज के उचित मूल्य सहित अनेक महत्वपूर्ण विषय शामिल थे।

समाज के प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में व्याप्त पेयजल संकट, जर्जर सड़कों की मरम्मत, बिजली आपूर्ति में सुधार, स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा पात्र परिवारों को वनाधिकार पट्टा और आवास योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग रखी। इसके अलावा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के परिवारों के लिए आजीविका, रोजगार और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

कलेक्टर बी.एस. उइके ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न ग्रामों में स्वीकृत एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ आदिवासी समुदाय के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत रहेगा।

बैठक के दौरान प्रशासन और आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों के बीच विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई, जिससे क्षेत्रीय विकास और जनकल्याण से जुड़े कई विषयों पर आगे की कार्ययोजना तय करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

### नालंदा 2 लाईब्रेरी बनने से शहर के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में काफी लाभ प्राप्त होगा

# विधायक राजेश मूणत ने विकास कार्यों का भूमिपूजन कर नगरवासियों को दी सौगात

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 1 क्षेत्र में ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17 एवं बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18 के विभिन्न स्थानो में एकमुश्त 2 करोड 6 लाख की लागत से नये स्वीकृत विकास कार्यों को शीघ्र करवाने वहां पहुंचकर भूमिपूजन नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल एमआईसी सदस्य श्री भोलाराम साहू, श्री नंदकिशोर साहू, जोन 1 अध्यक्ष श्री गज्जू साहू, जोन 8 अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, ठक्कर बापा वार्ड पार्षद श्रीमती परमिला बल्ला राम साहू, बाल




गंगाधर तिलक वार्ड पार्षद श्री सोहन साहू, वार्ड पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, श्रीमती अंबिका साहू, श्री राजेश कुमार देवांगन, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस, श्री पुरुषोत्तम देवांगन, श्रीमती कामिनी देवांगन, मंडल अध्यक्ष सर्वश्री नवीन शर्मा, विनय जैन, संजय मोहले, जोन 1 जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता श्री द्रोणी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता श्री शरद देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिलाओं, वार्ड 17 एवं 18 क्षेत्र के रहवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवको, आमजनों की उपस्थिति के मध्य श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर करते हुए नगरवासियों को एक और शानदार सौगात दी।

रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने कहा कि गुढियारी दीक्षा नगर में नये जलागार का निर्माण नगर निगम रायपुर के माध्यम से रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में तेजी से हो रहा है। दिसम्बर 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद घर घर नदी का मीठा जल नगर निगम द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा जो रायपुर नगर निगम की सबसे बड़ी उपलब्धी होगी। रायपुर पश्चिम विधायक ने नागरिको से अपील की कि महापौर श्रीमती मीनल चौबे की शहर सरकार के कार्यकाल में हो रहे विकास कार्यों को वे स्वत: स्थलों पर जाकर देखे एवं उसकी वीडियो बनाकर शेयर करें अगर उसमें कमी दिखे तो वह भी बतायें ताकि शीघ्र कमी को दूर किया जा सके।

# रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग ने समपार चलाया फाटक जागरूकता अभियान

- अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) दिवस के अवसर पर चलाया जा रहा है सघन जागरुकता अभियान




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर दिनांक 06.06.26 से 12.06.26 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा समपार फाटक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दिनांक 10.06.26 करक्षा अधिकारियों , संरक्षा सलाहकारों सिविल डिफेंस वोलैंटियर एवं स्काउट गाईड के द्वारा विभिन्न समपार फाटकों जैसे बालोद यार्ड गेट (समपार फाटक-DD-59), कुसुमकसा गेट (समपार फाटक-DD-59), लीमाटोला गेट(समपार फाटक-DD-62), बोडतारा गेट (समपार फाटक-386), सिधबाबा गेट (समपार फाटक 385), मातादेवालय गेट भाटापारा तथा लाटाबोर, कुसुमकसा, दल्लीराजहरा, तिल्दा एवं भाटापारा स्टेशन तथा भाटापारा मार्केट एरिया एवं पेट्रोल पंप तथा ट्रेन क्रमांक- 78815, 68861, 68862 एवं बिलासपुर-रायपुर लॉकल ट्रेन में जाकर लोगों को पॉमप्लेट वितरण करके , स्टीकर चिपका कर एवं बैनर लगाकर लोगों को फाटक बंद होने पर उसे पार न करने की काउंसलिंग की गई तथा समपार फाटक को सही तरीके से पार करने एवं इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कुल लगभग 1530 लोगों की काउंसिलिंग की गई। साथ में रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया जा रहा है।

# लोक कल्याण मेला में नारीशक्ति, युवा प्रतिभाओं और स्वरोजगार हितग्राहियों का हुआ सम्मान

- विधायक पुरन्दर मिश्रा रहे शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेला में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी ने दुर्ग लोकसभा सांसद श्री विजय बघेल जी के साथ सहभागिता कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों, नारीशक्ति, प्रतिभावान बच्चों एवं युवा साथियों का सम्मान किया।

इस अवसर पर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लोक कल्याण मेला शासन की




योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ मिल रहा है।

मेले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के माध्यम से रेहड़ी-पटरी एवं फुटपाथ व्यवसायियों को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा, आर्थिक सहायता तथा आत्मनिर्भर बनने के अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान नारीशक्ति, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं युवा साथियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

# बारिश के मौसम में बढ़ जाता है कई गंभीर, न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का खतरा

- बुखार, दौरे, बेहोशी या अचानक कमजोरी को न करें नजरअंदाज

बारिश का मौसम जहां गर्मी से राहत देता है, वहीं कई संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। विशेषज्ञों के अनुसार इस मौसम में कुछ गंभीर न्यूरोलॉजिकल (तंत्रिका तंत्र संबंधी) बीमारियां भी अधिक देखने को मिलती हैं, जिनकी समय पर पहचान और उपचार न होने पर जान का खतरा हो सकता है। आईएलएस अस्पताल रायपुर के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. भुवन शर्मा के अनुसार, बरसात के मौसम में वायरल और मच्छरजनित संक्रमण बढ़ने के कारण मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित



करने वाली बीमारियों के मामले बढ़ सकते हैं। इनमें एन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन), मेनिन्जाइटिस, वायरल संक्रमण के बाद होने वाला गिलियन- बैरे सिंड्रोम (त्क्क्र्), तीव्र दौरे (सीजर्स) तथा कुछ मामलों में स्ट्रोक भी शामिल हैं। डॉ. शर्मा बताते हैं कि एन्सेफलाइटिस और मेनिन्जाइटिस ऐसी स्थितियां हैं जिनमें मरीज को तेज बुखार के साथ भ्रम, अत्यधिक नींद, व्यवहार में बदलाव, बार-बार उल्टी, दौरे या बेहोशी हो सकती है। वहीं गिलियन-बैरे सिंड्रोम में वायरल संक्रमण के कुछ दिनों बाद पैरों में कमजोरी शुरू होकर शरीर के ऊपरी हिस्सों तक फैल सकती है। गंभीर मामलों में सांस लेने में भी परेशानी हो सकती है। बारिश के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले संक्रमण जैसे जापानी एन्सेफलाइटिस, डेंगू और चिकनगुनिया भी तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ मरीजों में इन संक्रमणों के कारण दौरे, बेहोशी, कमजोरी या अन्य न्यूरोलॉजिकल जटिलताएं विकसित हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बुखार के साथ दौरे पड़ें, व्यक्ति अचानक भ्रमित हो जाए, शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी आ जाए, बोलने में कठिनाई हो।

# हुडको नवनिर्मित मंगल भवन एवं उद्यान का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 क्षेत्र अंतर्गत स्थित मंगल भवन, परी गार्डन एवं सुभाष गार्डन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए उद्यानों की व्यवस्था बेहतर कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त वार्ड क्रमांक-70 स्थित हुडको मंगल भवन पहुंचे और भवन को नागरिकों की सुविधा के लिए बेहतर कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने परी गार्डन एवं सुभाष गार्डन का अवलोकन कर उद्यानों में स्वच्छता और रखरखाव कार्यों की समीक्षा की। आयुक्त ने कहा कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है और आंधी-तूफान के दौरान पेड़ों की सूखी एवं कमजोर डालियां टूटकर गिर सकती हैं।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर उरकुरा स्टेशन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 12 जून 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, इंजीनियरिंग तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के साथ उरकुरा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां तथा लोड गाड़ियों का स्टेशन/यार्ड में सिक्योरिंग एवं रिलिजिंग करना, स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक ब्लॉक सेक्शन में ब्लॉक टिकट द्वारा ट्रेन की कार्यप्रणाली, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा मानसून के पहले बरती जाने वाली सावधानियां,पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जनेवाली सावधानियां, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन ।

# सरोना में बनेगा रायपुर जिला समिति का भवन, बैठक में अध्यक्ष शंकर लाल विश्वकर्मा ने दी जानकारी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर जिला लोक संस्कृति सेवा, भजन, फाग एवं जसझांकी समिति की ओर से जुड़वास प्रतियोगिता के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुरुजन, रचनाकार, समिति के पदाधिकारी, सदस्य, विभिन्न मंडलियों के प्रतिनिधि तथा आयोजक समितियों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में प्रतियोगिता के बेहतर संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक मंडली को मंच मिले तथा किसी भी आयोजक समिति का मंच खाली न रहे।

कार्यक्रमों का संचालन सुव्यवस्थित और निरंतर रूप से होता रहे, इसके लिए आवश्यक



व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

समिति ने आयोजक समितियों से आग्रह किया कि वे सीमित संख्या में मंडलियों को आमंत्रित करें तथा प्रत्येक मंडली को प्रोत्साहन स्वरूप कम से कम 500 रुपये की सांत्वना राशि प्रदान करें। साथ ही यदि किसी आयोजन समिति को मंच संचालक या निर्णायक की आवश्यकता हो तो समिति अध्यक्ष को आवेदन देकर इसकी व्यवस्था कराई जा सकती है।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष शंकर लाल विश्वकर्मा ने सभी गुरुजनों, रचनाकारों, आयोजक समितियों और मंडलियों को बधाई देते हुए बताया कि समिति के लिए सरोना में एक सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण कराया जाएगा।

# प्रदेश के सभी 90 सीटों पर भाजपा की हालत पतली है: कांग्रेस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कांग्रेस ने कहा कि भाजपा की सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में हालत खराब है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि समाचार आया है कि भाजपा हारी हुई सीटों पर फोकस करने जा रही है इसके लिए उसने निगम मंडल के



पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। भाजपा कुछ भी कर ले सारे भाजपा विधायकों के खिलाफ माहौल है तथा अबकी बार भाजपा के सारे मंत्री, विधायक चुनाव हारेंगे और बीजेपी छत्तीसगढ़ में सम्मानजनक विपक्षी दल के रूप में भी नहीं बचेगी। भारतीय जनता पार्टी मुगालते में है अब उसे सारी सीटों में फिर से मेहनत करनी पड़ेगी। 2028 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी मुश्किल से एक दर्जन सीटे भी नहीं जीतने की स्थिति में है।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce .eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2524221, 2574028 Fax No. 0771-2574222

No. 02-05/Pur/Tender-528/589 Raipur, Date: 11.06.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (Through E-bidding)**

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following supply work:-

| Sl. | Tender No. | Particulars of works | Cost of Tender document (Rs) (Including GST @ 18%) | E.M.D. (in Rs.) | Due date of opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02-05/Pur/Tender - 528/589 dtd.11.06. 2026 RFx No.- 8100052106 | Supply of Various type of T&P materials for 400/220/132 KV Transmission line. | Rs. 2000/- | Rs. 20270/- | 09.07.2026 at 15:30 Hrs. |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices.

SAVE ELECTRICITY samwad- 48130/3
EXEVUTIVE DIRECTOR (Line)
CSPTCL, RAIPUR

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGH E-BIDDING**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | EMD | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2026_21 Dt.11.06.2026 RFX No. | **Estimate for P/s for 14 no. DLF connection and 16 no. applicant pay amount (25%) at Palm Vihar Near VY Hospital, Dunda (Under Develop Colony) Raipur under Deopuri Zone of City Dn. South, Raipur. 76-064-5156-26-0001 dtd. 06.05.2026. R560642600093, 094, 095. (64-03-1) Estt. Amt. 45,02,881.00** | 18,34,540/- | | Dt. 01.07.2026 upto 02:30 PM | Dt. 01.07.2026 upto 03:00 PM |
| 2 | TR-2026_22 Dt. 11.06.2026 RFX No. | **Estimate for shifting of LT line,**Hiring of Light Commercial Vehicle (Pickup) or Equivalent (1.70-2.20 Ton Capacity) for maintenance of LT line & Transformer work under **AE Ganj Zone under City Dn. Central CSPDCL Raipur.** | 717432/- | 7174/- | Dt. 01.07.2026 upto 02:30 PM | Dt. 01.07.2026 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

SAVE ELECTRICITY samwad-48132/3
**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**


# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, समर्पण और विश्वास के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट का वितरण किया

**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, समर्पण, विश्वास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं उपस्थित टीम ने नगर पालिका कवर्धा में कार्यरत 79 स्वच्छता दीदियों का सम्मान करते हुए उन्हें स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को समाज और शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से देश में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। उन्होंने अपने 12 वर्षों के



कार्यकाल में स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान की है। इसी सोच का परिणाम है कि आज देशभर की लाखों महिलाएं स्वच्छता से जुड़े कार्यों के माध्यम से सम्मानजनक आजीविका प्राप्त कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने स्वच्छता दीदियों के अथक परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाए रखने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन विपरीत परिस्थितियों में भी वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं सुबह से शहर के प्रत्येक घरो में जाकर स्वच्छता की अलख जगा रही है जिससे स्वच्छता व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है। स्वच्छता दीदियां आज केवल सफाई व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन चुकी हैं।

स्वच्छता दीदीयों को मिले स्वच्छता कीट

स्वच्छता दीदीयों को जूता, मास्क, ग्लब्स, साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट, रेनकोट, एप्रॉन सहित अन्य जरूरत की सामाग्री प्रदान किया गया है ताकि इनको स्वच्छता कार्य करने में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना ना पड़े।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति बिहारी राम धुर्वे, पार्षद सुनील साहू, शम्भू देवांगन, संजीव कुर्रे, अनिल साहू, हरीश कुंभकार सहित अधिक संख्या में स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे।

### कृषक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**कांकेर( विश्व परिवार )।** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय भानुप्रतापपुर में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स 'आत्मा' योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स 'आत्मा' योजनांतर्गत घटक प्रशिक्षण राज्य के बाहर एवं राज्य के अंदर, जिले के अंदर प्रशिक्षण तथा शैक्षणिक भ्रमण राज्य के बाहर एवं राज्य के अंदर, जिले के अंदर शैक्षणिक भ्रमण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### माइक लेकर जनता के बीच पहुंचे सांसद बृजमोहन, क्यों घर-घर नल लगे हैं कि नहीं?

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल का जनसंपर्क अभियानः जनता से सीधे संवाद, विकास कार्यों की घोषणाएं और योजनाओं पर खुली चर्चा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल गुरुवार को आरंग विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोरासी पहुंचे।

कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर की। इसके बाद आयोजित जनसभा में उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

अपने संबोधन में सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और किसानों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं मोदी सरकार की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों को पक्के घर मिले हैं, जल जीवन मिशन से घर-घर नल जल पहुंचा है और आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनकर सामने आई है।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मंच तक सीमित नहीं रहे, बल्कि माइक लेकर सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उनसे योजनाओं के संबंध में सवाल-जवाब किए। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी बात रखी और योजनाओं के लाभों की जानकारी साझा की।

जनसंवाद के दौरान एक ग्रामीण ने गांव की सड़क निर्माण की मांग रखी। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर सड़क निर्माण प्रस्ताव की जानकारी ली और घोषणा की कि बरसात समाप्त होते ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# पुलिसिंगः पुलिस उपायुक्त मयंक गुर्जर ने ली अधिकारियों सहित थाना प्रभारियों की बैठक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस उपायुक्त कार्यालय (नार्थ जोन) में पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) श्री मयंक गुर्जर द्वारा जोन के समस्त राजपत्रित तथा उरला अनुभाग एवम पंडरी अनुभाग के थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक आहूत की गई ।

बैठक के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा जनहित में कुशल, अनुशासित एवं संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, विजिबल पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, बैंकों एवं एटीएम की नियमित चेकिंग, रात्रि गश्त को सघन एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए साथ ही रात्रि गश्त में बल बढ़ाने तैनाती की समीक्षा कर नवीन गश्त प्रणाली तैयार करने चर्चा की। असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों एवं आदतन अपराधियों पर सतत निगरानी रखने थाना हाजिरी कराने, चाकूबाजी, नशे से संबंधित अपराधों तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। शराब भट्ठियों, अहातों, होटल, लॉज, ढाबा एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बाल अपराध, महिला अपराध, भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत गंभीर अपराधों एवं साइबर अपराधों में त्वरित संज्ञान लेकर शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

इसके अतिरिक्त बस्तियों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं अड्डेबाजों की नियमित चेकिंग, संदिग्ध वाहनों की जांच, आम नागरिकों से शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने तथा पुलिस कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# छत्तीसगढ़ में पहली बार सरकारी स्तर पर महिला योग भवन व जुंबा सेंटर

- विप्र नगर रायपुरा में 80 लाख के महतारी सदन का 14 जून को लोकार्पण




**रायपुर (विश्व परिवार)।** अपनी दूरगामी सोच और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में नित नए नवाचारों के लिए पहचाने जाने वाले रायपुर पश्चिम के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत के विजन से राजधानी रायपुर में विकास का एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विप्र नगर रायपुरा में 80 लाख की भारी-भरकम लागत से निर्मित छत्तीसगढ़ का पहला हाईटेक महतारी सदन, महिला योग भवन एवं महिला जुंबा सेंटर पूरी तरह बनकर तैयार हो चुका है। इस बहुप्रतीक्षित और सर्वसुविधायुक्त परिसर का लोकार्पण आगामी 14 जून को दोपहर 1.00 बजे राजधानी के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी होंगे। गरिमामयी समारोह की अध्यक्षता रायपुर पश्चिम के विधायक श्री राजेश मूणत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व विधायक श्री सुनील सोनी जी, विधायक श्री मोतीलाल साहू जी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी एवं नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी विशेष रूप से मंच साझा करेंगे। कम आय वर्ग के बच्चों को मिलेगा कॉन्वेंट जैसा प्ले स्कूल- इस अनूठे प्रोजेक्ट के पीछे विधायक श्री राजेश मूणत की संवेदनशीलता और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने की बड़ी सोच छिपी है।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स रायपुर में राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी शिखर सम्मेलन

- 'ऑन्कोस्फीयर 2.0' का आयोजन करेगा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देशभर के 300 से अधिक अग्रणी ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ, चिकित्सक एवं शोधकर्ता होंगे शामिल; दो दिवसीय अकादमिक सम्मेलन में प्रिसिजन मेडिसिन, इम्यूनोथेरेपी और कैंसर उपचार की अगली पीढ़ी की तकनीकों पर होगी विस्तृत चर्चा। मध्य भारत के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थानों में से एक, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर, अपने प्रमुख शैक्षणिक ऑन्कोलॉजी सम्मेलन 'ऑन्कोस्फीयर 2.0' का आयोजन 13 और 14 जून 2026 को होटल बैबिलोन इंटरनेशनल, रायपुर में करेगा। यह सम्मेलन देशभर से प्रमुख ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और स्वास्थ्य पेशेवरों को एक मंच पर लाएगा, जहाँ कैंसर देखभाल के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर चर्चा की जाएगी।

सम्मेलन में भारत के प्रतिष्ठित ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ भाग लेंगे, जो उभरती उपचार पद्धतियों, जटिल क्लिनिकल मामलों और कैंसर के निदान एवं उपचार को पुनर्परिभाषित करने वाले महत्वपूर्ण नवाचारों पर विचार-विमर्श करेंगे। कैंसर देखभाल में प्रगति केवल चिकित्सा उपलब्धियों से नहीं, बल्कि ज्ञान, विशेषज्ञता और अनुभव के निरंतर आदान-प्रदान से भी संभव होती है।

अपने प्रमुख शैक्षणिक पहल 'ऑन्कोस्फीयर 2.0' के माध्यम से, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स विशेषज्ञों के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा देने, बहु-विषयक सहयोग को प्रोत्साहित करने और कैंसर उपचार के मानकों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विभिन्न ट्रेनों में उपलब्ध हैं कन्फर्म बर्थ




**बिलासपुर( विश्व परिवार )।** अवकाश, पर्यटन, तीर्थाटन एवं पारिवारिक भ्रमण की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विभिन्न ट्रेनों में उत्तर एवं दक्षिण भारत के अनेक प्रमुख गंतव्यों के लिए आगामी तिथियों में कन्फर्म बर्थ उपलब्ध हैं।

यात्री समय रहते आरक्षण कर इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपनी यात्रा को सुविधाजनक, सुरक्षित एवं आरामदायक बना सकते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित ये ट्रेनें यात्रियों को प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट धाम, लखनऊ, बेंगलुरु, तिरुपति, चेन्नई, एर्नाकुलम (कोच्चि), तिरुवनंतपुरम तथा तिरुनेलवेली जैसे प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों तक सहज एवं सुविधाजनक रेल संपर्क प्रदान करती हैं। ऐसे में ग्रीष्मकालीन अवकाश, पारिवारिक यात्राओं, तीर्थाटन अथवा मित्रों एवं रिश्तेदारों से मिलने की योजना बना रहे यात्रियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। उत्तर भारत के प्रमुख गंतव्यों हेतु उपलब्ध कन्फर्म बर्थ 15232 गोंदियाङ्कबरौनी एक्सप्रेस – 13 जून 2026 से। 15160 सारनाथ एक्सप्रेस – 16 जून 2026 से। 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस (प्रयागराज एवं वाराणसी मार्ग से) – 19 जून 2026 से। 18205 दुर्गङ्कनौतनवा एक्सप्रेस (अयोध्या मार्ग से) – 19 जून 2026 से।

## बाढ़ नियंत्रण के लिए जिला, अनुभाग और तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायपुर।** जिले में बाढ़ और अन्य नैसर्गिक विपत्तियों से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला, अनुविभाग एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समीति की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार रायपुर ज़िले के नोडल अधिकारियों में जिला स्तर पर अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर, रायपुर अनुभाग में एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे, आरंग अनुभाग में एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा, अभनपुर अनुभाग में एसडीएम श्री रवि सिंह एवं तिल्दा अनुभाग में एसडीएम श्री आशुतोष देवांगन नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। रायपुर तहसील में तहसीलदार श्री राममूर्ति दिवान, धरसींवा तहसील में बाबूलाल कुर्रे, आरंग तहसील में ज्योति मसियारे, मंदिर हसौद तहसील में विनोद साहू, अभनपुर तहसील में श्रीमती सीता शुक्ला, गोबरा नवापारा तहसील में विक्रांत सिंह राठौर, तिल्दा तहसील में रामप्रसाद बघेल एवं खरोरा तहसील में शेखर मंडई को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## महापौर मीनल चौबे ने बारिश पूर्व सफाई अभियान का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 4 अंतर्गत सिविल लाईन वार्ड क्षेत्र में भावेनगर बरती नाला क्षेत्र में बारिश पूर्व सफाई के अभियान का वहां पहुंचकर सिविल लाईन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री संतोष हियाल, जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियता श्री शेखर सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री विरेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बारिश पूर्व भावे नगर नाला की अच्छी तरह सफाई करवाने के निर्देश जोन अधिकारियों को दिये है। जोन कमिश्नर ने महापौर को बताया कि जलकुंभी को हटाकर नाला क्षेत्र में बारिश पूर्व सफाई का कार्य करवाया गया।

## एनएमडीसी सीएसआर बचेली द्वारा समर कैंप समापन समारोह का आयोजन




**दंतेवाड़ा (विश्व परिवार)।** एनएमडीसी ने अपने सीएसआर पहलों के तहत वोस्का (WOSCA) के सहयोग से 20 मई से 12 जून 2026 तक दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में समर कैंप आयोजित किए। इन शिविरों से लगभग 1,300 बच्चों को लाभ मिला, जिसमें बुनियादी शिक्षा, पढ़ने, खेल, कला और शिल्प (आर्ट एंड क्राफ्ट), सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रचनात्मक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित गतिविधियाँ शामिल थीं।

इन समर कैंपों के सफल समापन के उपलक्ष्य में 12 जून 2026 को मंगल भवन, एनएमडीसी, बचेली में एक समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री जयंत नाहटा (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा), श्री टी. शिवा कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) बचेली कॉम्प्लेक्स, श्री महेश एस नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बचेली कॉम्प्लेक्स और श्री सौरभ कुमार, उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बचेली कॉम्प्लेक्स उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में एनएमडीसी के बचेली और किरंदुल परियोजना के अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, विभिन्न गांवों के सरपंच, समुदाय के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया जहाँ बच्चों ने समर कैंप के दौरान बनाई गई अपनी कलाकृतियों, शिल्पों और सीखे गए कौशल का प्रदर्शन किया। श्री जयंत नाहटा और एनएमडीसी के अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत की, उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें शिविरों के दौरान सीखी गई बातों को अपनी नियमित स्कूली शिक्षा में आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**बैठक** 12 बिंदुओं का राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया

# कांग्रेस के आदिवासी नेताओं की बैठक संपन्न




**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आदिवासी नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन एवं खनिज संसाधनों को बचाने हेतु रणनीति पर चर्चा की गयी। वन अधिकार पट्टा एवं पेसा कानून के क्रियान्वयन की समीक्षा किया गया। आदिवासियों के भूमि अधिग्रहण से लगातार विस्थापित हो रहे आदिवासियों की सुरक्षा व समस्याओं पर चर्चा की गयी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भाजपा एवं आरएसएस द्वारा फैलाए जा रहे वैमनस्यता पर चर्चा की गयी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 12 बिंदुओं का राजनैतिक प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि (12 बिंदु का सामाजिक एवं राजनैतिक प्रस्ताव) हसदेव अरण्य, परसा ईस्ट केते बासन, केते एक्सटेंशन सहित नई खदानों में कोयला खनन, बैलाडीला में आयरन ओर और विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दी गई लाखों पेड़ों की कटाई और हसदेव के 1,742 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्जन की अनुमति तत्काल रद्द करें सरकार। जनसंख्या के अनुपात में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत आरक्षण लागू हो, राजभवन में लंबित नवीन आरक्षण विधेयक की अधिसूचना जारी करे सरकार। Forest Rights Act के तहत वनाधिकार पट्टा आवंटित किया जाए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संघर्ष की चपेट में आकर आम आदिवासी निर्दोष होते हुए भी नक्सली हिंसा, पुलिस कार्रवाई से दूसरे पड़ोसी राज्यों (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र) में पलायन के लिए मजबूर हुए हैं उन्हें वापस लाया जाए, नक्सल हिंसा और फर्जी एंकाउंटर में पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे सरकार।

नक्सली सहयोगी होने का आरोप लगाकर हजारों निर्दोष आदिवासियों को जेल भेजा गया है, अब जब पुनर्वास योजना के तहत नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल किया गया है तो ऐसे में सहयोगी होने के आरोपी उन निर्दोष आदिवासियों की भी रिहाई हो। 25 हजार से अधिक आदिवासियों के खिलाफ जारी स्थायी एवं अस्थायी वारंट रद्द किया जाए। आदिवासी समुदाय के प्राचीन परंपराओं की रक्षा सुनिश्चित करें संविधान की पांचवीं अनुसूची (Fifth Schedule) के तहत अपने स्वशासन, ग्राम सभा की सर्वोच्चता और पारंपरिक कानूनों पैसा कानून और वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की रक्षा करे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354